

# मेट्रो Rays


आगे रखने का वादा

रांची, बुधवार, 20 नवंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष कृष्ण पांच- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 74 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक

4 ▸▸ सर्दी में आजमाएँ सेहतमंद और स्वादिष्ट बाजरा रेसिपी

'मै बाथरुम में रोता था' शाहरुख ने किया खुलासा ◂◂ 6

### विधानसभा चुनाव 2024: दूसरे चरण का मतदान जारी

# दोपहर एक बजे तक 47.92 प्रतिशत वोटिंग, पाकुड़ में सबसे ज्यादा





**मेट्रो रेज**

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी चरण में 38 सीटों पर दोपहर एक बजे तक बजे तक 47.92 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। चुनाव आयोग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सबसे ज्यादा पाकुड़ जिले की विधानसभा सीटों पर हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लंबी कतार देखी जा रही है।

झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और चंदनकियारी विधानसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी अमर कुमार बाउरी ने सुबह आठ बजे अपने बूथ पर वोट डाला। दुमका विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुनील सोरेन ने जामा विधानसभा सीट के बूथ नंबर 158 पर वोट डाला।

इन सीटों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुए। इन सीटों पर कुल मिलाकर 14 हजार 219 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां मतदान शुरू होने के पहले निर्वाचन कर्मियों ने प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मॉक पोल कराया। कई बूथों पर मतदान शुरू होने के पहले मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गई।

मतदान केंद्रों और पोलिंग पार्टियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 585 कंपनी, जैप (झारखंड आर्म्ड फोर्स) की 60 कंपनी के अलावा जिला बल और होमगार्ड के 30 हजार जवानों को तैनात किया गया है।

इस चरण में 31 अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां शाम चार बजे तक ही मतदान होगा। इन्हें छोड़ अन्य 13 हजार 187 केंद्रों पर शाम पांच बजे तक वोट डाले जा सकेंगे।

2414 मतदान केंद्र शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के बूथों की संख्या 11 हजार 804 है। 48 बूथों को यूनिक बूथ के रूप में विकसित किया गया है। 239 बूथ ऐसे हैं, जिनका संचालन पूरी तरह महिला कर्मियों के हाथ में है। 22 मतदान केंद्रों की व्यवस्था दिव्यांग कर्मी संभाल रहे हैं, जबकि 26 मतदान केंद्रों की व्यवस्था युवाओं के हाथों में सौंपी गई है। मतदान की पूरी प्रक्रिया पर वेबकास्टिंग के जरिए निगरानी की जा रही है। इस चरण में कुल 528 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनकी किस्मत कुल 1 करोड़ 23 लाख 58 हजार 195 मतदाता तय करेंगे।

जिन सीटों पर मतदान हो रहा है, उनमें संथाल परगना प्रमंडल और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की 18-18 और दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की दो सीटें शामिल हैं। आठ सीटें अनुसूचित जनजाति और तीन अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित हैं, जबकि सामान्य सीटों की संख्या 27 है। इस चरण में क्षेत्रफल की दृष्टि से हजारीबाग जिले का मांडू विधानसभा क्षेत्र सबसे बड़ा और धनबाद जिले का झरिया विधानसभा क्षेत्र सबसे छोटा है। सबसे अधिक पांच लाख 82 हजार 101 वोटर बोकारो विधानसभा सीट पर हैं, जबकि सबसे कम 2 लाख 17 हजार 388 वोटर संथाल परगना की लिट्टीपाड़ा सीट पर हैं।

इस चरण के प्रमुख प्रत्याशियों में बरहेट सीट से झामुमो प्रत्याशी के तौर पर सीएम हेमंत सोरेन, राजधनवार सीट पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के पहले सीएम बाबूलाल मरांडी, गांडेय सीट से झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन, नाला सीट पर झामुमो प्रत्याशी के रूप में विधानसभा के स्पीकर रवींद्रनाथ महतो, चंदनकियारी सीट पर विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, महगामा सीट पर कांग्रेस की प्रत्याशी मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, जामताड़ा में कांग्रेस कोटे के मंत्री इरफान अंसारी, मधुपुर में झामुमो कोटे के मंत्री हफीजुल हसन, डुमरी सीट पर झामुमो प्रत्याशी के रूप में मंत्री बेबी देवी, सिल्ली सीट पर आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो और दुमका सीट पर सीएम हेमंत सोरेन के भाई बसंत सोरेन शामिल हैं।

## मां का आशीर्वाद प्राप्त कर बाबूलाल ने किया मतदान



**रांची :** बीजेपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे व अंतिम चरण में मतदान किया। इससे पूर्व उन्होंने अपनी मां के चरण छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा-अर्चना कर ईश्वर से राज्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद उन्होंने कोदाईबांक स्थित अपने बूथ पर जाकर मतदान किया। रोटी, बेटी व माटी की रक्षा के संकल्प के साथ करें मतदानः उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स तस्वीर साझा करते हुए कहा ह्वलोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए झारखंड विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में रोटी, बेटी, माटी के अस्मिता की रक्षा के संकल्प साथ आज कोदाईबांक स्थित बूथ पर मतदान किया। वहीं, मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए बाबूलाल ने कहा कि झारखंड में सुशासन का कमल खिलने वाला है। पूरे प्रदेश में बीजेपी की प्रचंड लहर है।

## सिल्ली और खिजरी में शांतिपूर्ण मतदान जारी, एसएसपी ने किया बूथ का निरीक्षण

**रांचीः** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच झारखंड में दूसरे चरण के 38 विधानसभा सीटों पर वोटिंग जारी है। रांची जिले में सिल्ली और खिजरी में भी शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो रहा है। इस दौरान एसएसपी चंदन सिन्हा ने सिल्ली विधानसभा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। रांची पुलिस की अपील है कि मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।



## चीफ सेक्रेट्री अलका तिवारी ने डाला वोट

**रांचीः** झारखंड में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 38 सीटों पर वोटिंग जारी है। झारखंड की चीफ सेक्रेट्री अलका तिवारी ने धुर्वा के बूथ संख्या 373 में मतदान किया। इस दौरान अलका तिवारी का स्वागत भी किया गया। मतदान के बाद मीडिया से बातचीत के क्रम में अलका तिवारी ने कहा कि सभी को मतदान करना चाहिए। यह उनका अधिकार है। घरों से बाहर निकलें और मतदान करेंः अलका तिवारी ने कहा, घरों से बाहर निकलें और मतदान करें। अगर आप मतदान नहीं करते हैं, तो फिर बाद में आपको शिकायत करने का यह अधिकार नहीं हैं कि आपको कैसी सरकार मिली है।

## माता- पिता ने धारदार हथियार से काटकर की बेटे की हत्या

**मेट्रो रेज**

**रांची :** राजधानी रांची से दिल दहलाने वाली एक वारदात सामने आई है, जहां एक पिता ने ही अपनी दूसरी पत्नी के साथ मिलकर जवान बेटे को मौत के घाट उतार दिया है। वहीं, बेटे की हत्या करने के बाद उसके शव को घर में ही बंद करके पति-पत्नी दोनों फरार हो गए हैं। इधर, घटना की सूचना मिलने पर ठाकुरगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। साथ ही पुलिस मामले में फरार पति-पत्नी की तलाश में भी जुट गई है।

**धारदार हथियार से वार कर हत्याः** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ठाकुरगांव थाना क्षेत्र निवासी मदन पाहन (20 वर्ष) की धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है। हैरान करने वाली बात यह है की मदन की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके सगे पिता और सौतेली मां ने ही कर दी है। मदन के पिता फुलेश्वर पाहन ने अपनी दूसरी पत्नी के साथ मिलकर बेटे को मार डाला है।

**क्या कहते हैं स्थानीय लोगः** स्थानीय लोगों ने बताया कि मदन की मां का पहले ही देहांत हो चुका था। इसके बाद मदन के पिता फुलेश्वर पाहन ने दूसरी शादी कर ली थी। वहीं, सौतेली मां के साथ मदन के संबंध काफी खराब थे। तीनों में अक्सर लड़ाई-झगड़ा होता रहता था। कई बार मारपीट भी हो चुकी थी। ग्रामीणों के अनुसार, मंगलवार रात भी मदन का पिता और सौतेली मां के साथ काफी झगड़ा हुआ था। देर रात तक मारपीट भी होती रही। बाद में सब कुछ शांत हो गया था, लेकिन आधी रात ही पति-पत्नी कहीं चले गए। इसके बाद सुबह पता चला की मदन की हत्या कर दोनों फरार हो गए हैं।

**आरोपियों की तलाश शुरूः** इधर, ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनीत कुमार ने बताया कि घरेलू विवाद में मदन पाहन की हत्या की गई है। उसके पिता और सौतेली मां द्वारा ही हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। वहीं, दोनों आरोपी हत्या के बाद शव को घर ही बंद करके फरार हो गए हैं। उनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।


## उग्रवादियों ने मचाया तांडव, 5 हाईवा को किया आग के हवाले

**मेट्रो रेज**



**लातेहारः** जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के लात जंगल के पास मंगलवार रात उग्रवादियों ने डीवीसी द्वारा संचालित तुबेद कोल माइंस से कोयला ले जा रहे पांच हाईवा को आग के हवाले कर दिया। जेपीसी (झारखंड प्रस्तुत कमेटी) नामक उग्रवादी संगठन ने पर्चा छोड़कर घटना की जिम्मेदारी ली है। उग्रवादियों ने इस दौरान दहशत फैलाने के लिए 15 से 20 राउंड फायरिंग भी की है।

सारे हाईवा जल कर हुए नष्टः उग्रवादियों द्वारा कोयला ट्रांसपोर्टिंग के लिए जा रही पांच हाईवा को आग के हवाले कर देने से हाईवा पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। जानकारी के मुताबिक 10 के 12 की संख्या में अपराधी पहुंचे और कोयला ट्रांसपोर्टिंग कर रही हाईवा वाहन को आग लगा दी। उग्रवादियों ने घटनास्थल पर पर्चा छोड़ दिया है। जेपीसी (झारखंड प्रस्तुत कमेटी) नामक उग्रवादी संगठन ने घटना की जिम्मेदारी ली है। इस दौरान चालकों के साथ मारपीट की गई है। दहशत बनाने के लिए उग्रवादियों ने 15 से 20 राउंड गोली भी चलाई है। घटना के बाद अहले सुबह पुलिस घटनास्थल पहुंची और मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिल्ली विस क्षेत्र में खूब चला पैसे से वोटरों को खरीदने का खेल

**सिल्ली :** दूसरे चरण में हो रहे सिल्ली विधानसभा चुनाव में एक ओर जहां स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने को ले प्रशासन मुस्तैद है। जगह-जगह वाहनों की चेकिंग की जा रही है। डिक्की आदि की तलाशी की गयी है। प्रत्येक पोलिंग बूथ पर फोर्स डेप्लॉयमेंट भी किया जा चुका है भय मुक्त हो मतदान हेतु फ्लैग मार्च भी किया गया। वहीं दूसरी ओर रातभर पैसे से वोटरों को खरीदने का खेला चलता रहा। पैसे से वोट खरीदने वालों को लोकतंत्र धूमिल हो रहा है इसे कोई सरोकार नही। प्रत्येक बूथ पर अपने एजेंट को जरूरी कागजात एवं सामग्री पहुंचाने में जी जान से जुटे हैं हर दल के लोग सोशल मीडिया पर एक्टिव रहे। ऐसे में अब यह देखना है लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भूमिका को लेकर वोटर किनता सजग है और विकास का आंकलन कर मतदान करेगें या पैसे के खातिर लोकतंत्र को धूमिल करेंगे। गौरतलब है कि सिल्ली में 224794 मतदाता हैं। जिसमें 279 मतदान केंद्र बनाये गये हैं।

### बूथ नम्बर 117 में सुबह सात बजे से शुरू हुआ मतदान



**मुरी :** सिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई। बूथ संख्या 117 मिशन स्कूल में समय से पहले वोटर वोट देने पहुंचे। पहला वोटर के रूप में पहुंचे रामाकांत मुरी को मुरी ओपी के सब इंस्पेक्टर आशीष कुमार ने जागरूक मतदाता कहकर हौसला अफजाई की। साथ प्रशासन ने शांति पूर्ण मतदान के लिए निरीक्षण किया। लिस्ट के मुताबिक इस बुथ में कुल वोटर 492 में 255 पुरुष और 237 महिला वोटर थी।वोट करने को लेकर बुजुर्गो के साथ साथ युवतियों में जागरूकता देखी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची के आदेश पर मतदान का पहला प्रशस्ति पत्र बुथ संख्या 117 के लिए पुरुष में रामाकांत विश्वकर्मा और महिला मे बरखा कुमारी को वरुण रंजन (भा० प्र० से) द्वारा दिया गया, प्रशस्ति पत्र देते समय फोटो भी किया गया।

### रांची व हटिया आरपीएफ ने जब्त की 46 हजार की शराब



**रांची:** रांची और हटिया आरपीएफ की टीम ने हटिया और टाटीसिलवे स्टेशन में अभियान चलाकर 46 हजार रुपये मूल्य से अधिक की शराब जब्त की है। हालांकि मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। जब्त शराब को मंगलवार को आरपीएफ ने रांची उत्पाद विभाग की टीम के हवाले कर दिया। आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार हटिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो और तीन में जांच के दौरान एक लावारिस प्लास्टिक बैग प्लेटफार्म नंबर 2 पर लिफ्ट के पास मिला। जांच के दौरान बैग से 10 बोतल विभिन्न कंपनियों की शराब की बोतलें मिली। इसका अनुमानित मूल्य करीब 5100 रुपये है। वहीं टाटीसिलवे स्टेशन पर बरामद बैग से शराब की 82 बोतल शराब जब्त की गयी। इन शराब की बोतलों की कुल कीमत करीब 41,820 रुपये है। आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार अभियान चलाकर नशे के कारोबारी और शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

### बूथों पर देखी गई महिला मतदाताओं की ज्यादा भीड़



**सिल्ली:** ग्रामीण क्षेत्र के बूथों पर पुरुष मतदाताओं की मुकाबले महिला मतदाताओं में अधिक उत्साह दिखा। सुबह से महिलायें कतार में लगी रहीं। महिलाओं ने कहा कि सुबह सुबह मतदान कर ज़िम्मेदारी निभा देने से घर के बाकी के काम आराम से दिन भर निपटाए का सकते हैं। उन्हें उम्मीद थी कि सुबह कम भीड़ होगी। लेकिन सुबह से भीड़ अधिक होने के कारण उन्हें कतार में लगे रहना पड़ा। गौरतलब है कि सिल्ली में कुल 224794 मतदाता हैं.जिसमें 279 मतदान केंद्र बनाये गये हैं।

सीएम हेमंत सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा-

# अपने हक का पैसा लेकर रहेंगे



**मेट्रो रेज**

**रांची :** सीएम हेमंत सोरेन ने एक बार फिर भाजपा पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया पोस्ट में एक बार फिर से बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ की बात की है। कहा है कि झारखंड में भाजपा का हर बड़ा- छोटा नेता प्रचार करने आया और गया, पर किसी एक ने भी हमारे हक की बात नहीं की। बकाया पैसा हमारे बच्चों के भविष्य निधि, झारखंडियों के सुरक्षा की गारंटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला और बाल विकास, आदिवासी कल्याण, दलित और अल्पसंख्यक विकास, बुजुर्गों का सामाजिक सुरक्षा, युवाओं का भत्ता, नये फ़्लाइओवर निर्माण, नए स्कूल झ कॉलेज, मेट्रो रेल सभी के काम आते। पर केंद्र इस पर कुंडली मार कर बैठी है। भाजपा नहीं चाहती है कि यह पैसा झारखंड आये, झारखंडियों के विकास के काम आयें। पर हम अपना हक लेकर रहेंगे।

महाराष्ट्र में पैसा बांटने के मामले पर कसा तंजः सीएम ने भाजपा द्वारा पैसा बांटे जाने के मामले पर भी तंज कसा है। कहा है कि ये भाजपा संगठन के सबसे बड़े महासचिव(विनोद तावड़े) हैं जो पैसे बांटते हुए कैमरे पर पकड़े गये। पूरे देश ने देखा, पर देखिए कैसी प्यारी हैडलाइन बनायी गयी है जैसे छोटी घटना हो। भाजपा को लोकतंत्र पर नहीं सिर्फ. और सिर्फ. पैसों पर यकीन है। वही पैसे जो वैक्सीन, नकली दवाओं, मित्रों को देश बेच ये कभी इलेक्टोरल बांड तो कभी किसी और मध्यम से ये अर्जित करते हैं। फिर उससे लोकतंत्र का सौदा करते हैं

सिल्ली में दूसरे चरण का मतदान जारी

# परिवार के साथ वोट देने पहुंचे सुदेश महतो



**मेट्रो रेज**

**मुरीः** सुदेश महतो परिवार के साथ अपने पैतृक गांव लगाम के बूथ संख्या 123 पर वोट देने पहुंचे। उनके साथ माता, धर्म पत्नी और बेटी भी मौजूद थीं ।

वोट देकर पत्रकार से रूबरू हुए सुदेश और कहा कि राज्य की जनता से अपील है कि वे वोट के अवसर को जाने न दे। इसका शत प्रतिशत उपयोग करें। सभी मतदाता बाहर निकले। जागरूक मतदाता का धर्म निभाएं। सबसे ज्यादा वोट करें। लोकतंत्र की मर्यादा निभाने।

# केरेडारी में धड़ल्ले से जारी है अवैध बालू का कारोबार, पुलिस प्रशासन मौन



**मेट्रो रेज**

**हजारीबाग :** जिले के केरेडारी प्रखंड में नदियों से बालू का अवैध उत्खनन व ढुलाई का काम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। तस्कर रात के अंधेरे में अवैध बालू का कारोबार धड़ल्ले से कर रहे हैं। वे नदियों से बालू निकाल कर बड़ी- बड़ी कंपनियों को निर्माण कार्य के लिए उंचे दाम पर बिक्री कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन के नाक के नीचे हो रहे अवैध बालू के खेल को कोई देखने वाला नही है। केरेडारी का पुलिस प्रशासन इन्हें रोकने में विफल है। स्थानीय अधिकारी बालू की ढुलाई पर रोक की जवाबदेही एक-दूसरे पर थोप रहे हैं, जिससे तस्करों के हौसले बुलंद हैं। इस संबंध में पूछने पर पगार पुलिस पिकेट के प्रभारी विक्की ठाकुर ने कहा कि बालू का अवैध कारोबार रोकना सीओ के कार्य क्षेत्र में आता है।

दिन के उजाले में भी होती है ट्रैक्टरों से बालू की ढुलाईः केरेडारी प्रखंड के नौवा खाप, पचड़ा, मनातू, गर्रीकला, पतरा नदी, सायल बड़की नदी, देवरिया नदी से अवैध बालू की ढुलाई बदस्तूर जारी है। तस्कर इन नदियों से रात तो दूर दिन के उजाले में भी ट्रैक्टरों पर बालू लादकर ढुलाई करते हैं। इस अवैध बालू को स्थानीय कंपनियों के निर्माण कार्यों में खपाया जाता है। बालू की ढुलाई में सैकड़ों ट्रैक्टर लगे हैं। सबसे अधिक अवैध बालू की ढुलाई नौवा खाप के पास नदी से होती है। यहां तस्कर ट्रैक्टर से बालू निकाल कर पगार व ऋतिक कंपनी साइड ऑफिस के बगल में एनटीपीसी सीकरी साइड ऑफिस में कार्यरत यूनिवर्सल कंपनी व एलएनटी मैचिंग प्लांट पांडू में स्थित कंपनी में खपाया जाता है। तस्कर प्रतिट्रैक्टर 2000 से 2500 रुपए की दर से बालू की बिक्री करते हैं। सूत्रों की मानें, तो बालू के इस कारोबार में स्थानीय पुलिस की भी संलिप्तता है। तस्कर प्रति ट्रैक्टर के हिसाब से उन्हें रकम पहुंचाते हैं।

# गोमो में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पलटा, बाल-बाल बचे ऑटो सवार



**गोमोः** हरिहरपुर थाना से चंद दूरी पर मुख्य सड़क पर मंगलवार की सुबह अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पहिया टूट जाने के कारण पलट गया। दुर्घटना के वक्त बगल से गुजर रहा यात्रियों से भारा ऑटो बाल-बाल बच गया। लोगों ने बताया कि तेज गति ये आ रहे ट्रैक्टर के पहिए का हुल अचानक टूट गया और ट्रैक्टर पलट गया। दुर्घटना के बाद बालू घंटों सड़क पर बिखरा पड़ा रहा। दोपहर में ट्रैक्टर का चक्का ठीक कर तस्कर बालू लोड कर ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में रात के अंधेरे में अवैध बालू की तस्करी जोरों पर हो रही है।

# अवैध बालू परिवहन मामले में तीन गिरफ्तार

**रामगढ़ः** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार को मिली सूचना के आधार पर बासल थाना अंतर्गत अवैध बालू के कारोबार करने वाले तीन कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया है। माफियाओं द्वारा अवैध बालू का खनन कर इटरनिटी रिसोर्ट के सामने पुल से परिवहन किया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक द्वारा बासल थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से छापामारी अभियान चलाकर बासल थाना अंतर्गत लेम स्कूल के पास से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि ये तीनों पुलिस गाड़ी को आते देख अपने ट्रेक्टर को तेजी से भगाने लगे।

तब पीछा करने पर ट्रेक्टर को छोड़ कर दोनों चालक तथा एक अन्य व्यक्ति भागने लगे। जिन्हें पुलिस बल के सहयोग से खदेड़कर पकड़ा गया। पकडे. व्यक्ति से पुछताछ करने पर तीनों व्यक्ति अपना-अपना नाम विश्वजीत कुमार सिंह उर्फ सोनु सिंह, नीरज कुमार सिंह, मोहित कुमार बताया। बालू लदा ट्रैक्टर के संबंध कागजात की मांग करने पर पकड़े व्यक्तियों द्वारा ना तो कोई कागजात प्रस्तुत किया गया और ना ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया। सख्ती से पुछताछ करने पर विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि ये दोनों ट्रैक्टर के मालिक हैं तथा नीरज कुमार एवं मोहित कुमार दोनों ट्रैक्टर के चालक हैं।



### घर में अकेली युवती के साथ दुष्कर्म, आरोपी फरार

**रांचीः** तीस वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना मांडर थाना क्षेत्र की है। मांडर बजारटांड़ निवासी एनामल अंसारी पर इस मामले को लेकर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पीड़िता द्वारा लिखित आवेदन के अनुसार दुष्कर्म की घटना दस नवंबर की है। उस दिन युवती करीब 12 बजे अपने घर के आसपास घूम रही थी। पीड़िता के परिवार के लोग बाहर गये हुए थे। वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान वहां एनामुल पहुंचा और युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। युवती के परिजन वापस लौटने पर पीड़िता ने अपने साथ हुए हादसे की जानकारी दी। उसके बाद आरोपी के विरुद्ध मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। बताया जाता है कि वह पूर्व में विभिन्न मामलों में कई बार जेल जा चुका है।

# सिल्ली सीट पर फिर आमने-सामने आये सुदेश महतो और अमित महतो

**मेट्रो रेज**

**रांची :** झारखंड की सिल्ली विधानसभा सीट पर ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन और झामुमो के बीच मुख्य लड़ाई है। राज्य में अरखव पार्टी ठऊअ गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। वहीं झामुमो पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है।

झारखंड में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। राज्य में पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को पूरा हो चुका है। वहीं अब दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होना है।




दूसरे चरण के मतदान के दौरान 38 सीटों पर चुनाव होने हैं। अगर राज्य की वीआईपी सीटों की बात करें, तो इनमें सिल्ली विधानसभा सीट का नाम शामिल है। इस सीट पर दो सियासी दलों के बीच मुख्य रूप से मुकाबला है।

दो पार्टियों के बीच है लड़ाईः झारखंड की सिल्ली विधानसभा सीट पर ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन और झामुमो के बीच मुख्य लड़ाई है। राज्य में आजसू और एनडीए गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। वहीं झामुमो पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है।

राज्य के पूर्व डिप्टी सीएमः साल 2009 में सुदेश महतो ने राज्य के उपमुख्यमंत्री का पदभार संभाला था। उस दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा थे। राज्य की राजनीति में सुदेश महतो काफी बड़ा नाम है। वहीं इससे पहले वह साल 2019 में इस सीट से जीत हासिल कर चुके हैं।

अमित महतो चुनावी मैदान में : इस बार जेएमएम ने सुदेश महतो को टक्कर देने के लिए अमित महतो को चुनावी मैदान में उतारा है। अमित महतो सिल्ली विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं। उन्होंने साल 2014 के विधानसभा चुनाव में सुदेश महतो को शिकस्त दी थी। ऐसे में एक बार फिर दोनों उम्मीदवार इस सीट से आमने-सामने हैं।

2019 में सुदेश महतो ने दर्ज की थी जीतः बता दें कि साल 2019 के विधानसभा चुनाव में आजसू के सुदेश महतो ने झामुमो की सीमा देवी को शिकस्त दी थी। इस चुनाव में सुदेश महतो को 83,700 वोट मिले थे। वहीं खटट प्रत्याशी सीमा देवी को 63,505 वोट मिले थे।

## झारखंड को बचाने के लिए वोट जरूर करें : शिवराज सिंह चौहान



मेट्रो रेज

**रांचीः** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि झारखंड विधानसभा चुनाव झारखंड बचाने का चुनाव बन गया है। झारखंड में रोटी, बेटी, माटी संकट में है। नौजवानों को रोजगार के नाम पर झामुमो और कांग्रेस की सरकार ने ठगा है और छला है। मां, बहन और बेटी की इज्जत, मान सम्मान सुरक्षित नहीं है। संसाधनों पर घुसपैठिए कब्जा करते जा रहे हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति बदतर है और भयानक भ्रष्टाचार से जनता कराह रही है।

घुसपैठियों से मुक्त झारखंड के लिए आप वोट जरूर करें: लोगों का जीना दूभर हो गया है और इसलिए गुस्से में जनता भारतीय जनता पार्टी, एनडीए के उम्मीदवारों को निकल कर वोट कर रही है। मेरी सभी से अपील है वोट जरूर डालें। एक समृद्ध, विकसित, सुरक्षित और घुसपैठियों से मुक्त झारखंड के लिए आप वोट जरूर करें। भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार झारखंड की तस्वीर भी बदलेगी और जनता की तकदीर भी बदलेगी। रिजल्ट अभी दिखाई दे रहा है। बीजेपी, एनडीए की सरकार बन रही है जनता गुस्से में है और इसलिए झामुमो, कांग्रेस के भ्रष्ट और जन विरोधी गठबंधन को हरा रही है।

### मुख्यमंत्री सोरेन ने लोगों से की भारी संख्या में मतदान करने की अपील, कहा-

# झारखंड को टूटने से बचाने के लिए हमे एक होना होगा

मेट्रो रेज

**रांची :** सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य वासियों से अपील करते हुए कहा है कि आज झारखंड में लोकतंत्र के महापर्व के दूसरे और अंतिम चरण का आयोजन हो रहा है। झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों पर मतदान हो रहा है। सोना झारखंड के निर्माण में आज का यह चरण अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। झारखंड को टूटने से बचाने के लिए हमें एक होकर भारी से भारी संख्या में मतदान करना है। आज फिर उसी उत्साह और उमंग के साथ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करना है।

पहले चरण में सभी ने मजबूत झारखंड के लिए मतदान कियाः पहले चरण के मतदान में 43 विधानसभा की जनता ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी वर्गों ने अपने हक-अधिकार और मजबूत झारखंड के लिए मतदान किया। झारखंड के खिलाफ साजिश करने की सोच रखने वालों को करारा जवाब दिया गया। आज के इस महत्वपूर्ण पर्व पर आप सभी से अपील है कि भारी से भारी संख्या में अपने बूथ केंद्रों में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। झारखंड विरोधियों की साजिशों का होगा अंत, जीतेगा झारखंड!




## रांची सहित पूरे राज्य में तेजी से गिर रहा है तापमान, सात दिन में पांच डिग्री लुढ़का पारा



**रांचीः** झारखंड में ठंड ने दस्तक दे दी है। राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में तापमान तेजी से गिर रहा है। रांची में न्यूनतम तापमान 10.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है, जबकि खूंटी में यह गिरकर 8.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान है।

पछुआ हवाओं का असरः मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने बताया कि दिन में पछुआ हवाओं का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे शाम के बाद कनकनी का अनुभव हो रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि ला नीना प्रभाव के कारण ठंड में अचानक बढ़ोतरी हो सकती है। झारखंड के 19 जिलों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट हो सकती है। रांची और इसके आसपास के क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 11-12 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है।

मौसम विभाग ने दी चेतावनीः मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि नवंबर के अंत तक ठंड का असर और बढ़ जाएगा। सुबह और शाम में ठंड तेज हो रही है, जबकि दिन के समय हल्की धूप और ठंडी हवा के बीच गुलाबी ठंड का अनुभव हो रहा है। मौसम विभाग ने कहा है कि 22 नवंबर तक झारखंड का मौसम शुष्क रहेगा। हल्के से मध्यम दर्जे के कोहरे की संभावना है। अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

**सेहत का रखें ख्यालः** मौसम विशेषज्ञों ने ठंड से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। खासकर सुबह और शाम के समय गर्म कपड़े पहनने और ठंड से बचने के उपाय अपनाने की आवश्यकता है।

## बीआइटी मेसरा में इंजीनियरिंग सीटें फुल, अन्य कोर्सों में 18 फीसदी खाली

**रांचीः** बीआइटी मेसरा के राजधानी स्थित मुख्य कैंपस के अलावा देशभर के छह ऑफ कैंपस हैं। इनमें से रांची के मुख्य कैंपस में बीटेक की कुल 1284 सीटें हैं। कॉलेज की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार, सत्र 2024-25 में बीटेक की शत-प्रतिशत सीटों पर नामांकन लिया गया है। कॉलेज में इंजीनियरिंग के लिए 10 ब्रांच हैं। वहीं, संस्थान के सभी कैंपस और कोर्स मिलाकर एक सत्र में कुल 4339 सीटों पर नामांकन लेने का प्रावधान है। वर्ष 2024-25 में इनमें से 3547 सीटों पर नामांकन हुआ है। ऐसे में देखा जाये तो नामांकन के लिए उपलब्ध कुल सीटों में से 82 फीसदी सीटों पर नामांकन हुआ है। अब जो 18 फीसदी सीटें रिक्त रह गयीं, उनमें



अधिकतर सीटें बैचलर इन होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी और अन्य बीएससी कोर्सेस की हैं। कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट जारी की गयी थीः पिछले दिनों हुए दीक्षांत समारोह में कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना ने जारी की थी। उन्होंने बताया था कि अगर मुख्य कैंपस समेत सभी ऑफ कैंपस की बीटेक सीटों को देखा जाये, तो 99 फीसदी सीटों पर नामांकन हुआ है। वहीं, मुख्य कैंपस में 100 फीसदी सीटों पर नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई है।

छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाकर छह करोड़ कीः कॉलेज की ओर से मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाती है। इस राशि में भी लगातार वृद्धि की जा रही है। कॉलेज की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार, वर्ष 2021 में जीपी बिड़ला छात्रवृत्ति योजना के तहत 3.42 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी गयी थी। वर्ष 2024-25 में यह राशि बढ़ाकर छह करोड़ रुपये कर दी गयी है। इस योजना का लाभ कॉलेज की परीक्षा के मेधा के आधार पर दिया जाता है।

## स्लम के विद्यार्थियों को वोकेशनल ट्रेनिंग देगा वाइएमसीए

### दो दिसंबर से शुरू होगी ट्रेनिंग



**रांचीः** स्लम और गरीब तबके के विद्यार्थियों के लिए वाइएमसीए दो दिसंबर से वोकेशनल ट्रेनिंग शुरू करेगा। वाइएमसीए वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर, कांटाटोली के सचिव आशीष टोपनो ने कहा कि दो दिसंबर से शुरू होनेवाले पहले बैच में 30 विद्यार्थियों को लिया जायेगा। ये विद्यार्थी 12वीं पास होने चाहिए। इसके अलावा ड्रॉप आउट और ग्रेजुएशन करनेवाले विद्यार्थियों को भी ट्रेनिंग में शामिल किया जायेगा। यह ट्रेनिंग छह महीनों की और निःशुल्क होगी। छह महीने के दौरान विद्यार्थियों को स्पोकेन इंग्लिश, कंप्यूटर स्किल, अंक गणित, व्यावसायिक कौशल, जीवन कौशल, व्यावसायिक नीति व उद्यमिता प्रशिक्षण की जानकारी दी जायेगी।

विद्यार्थियों में आत्मविश्वास होगा विकसितः आशीष टोपनो ने बताया कि कार्यक्रम में हेड हेल्ड हाई संस्थान भी शामिल होगा, जो प्रशिक्षण के बाद विद्यार्थियों को नौकरी से जोड़ने का काम करेगा। प्रशिक्षण के दौरान युवा सिर्फ स्किल ही नहीं सीखेंगे, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी विकसित होगा। उन्होंने कहा कि पिछले प्रशिक्षण के बाद 26 लोगों के बैच में 23 लोगों को नौकरी पर लगाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिये गरीब तबके के युवाओं के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन आ रहा है। यह वाइएमसीए का उद्देश्य भी है।

## अपराधी सोनू इमरोज का हत्यारोपी छह साल बाद गिरफ्तार



मेट्रो रेज

**रांचीः** राजधानी रांची में ठीक छह साल पहले गैंगवार में कुख्यात अपराधी सोनू इमरोज की हत्या डेली मार्केट के पास टैक्सी स्टैंड में दिनदहाड़े कर दी गई थी। इस हत्याकांड में शामिल फरार एक अपराधी 6 साल बाद राँची पुलिस के हत्थे चढ़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात राँची पुलिस के वरीय पुलिस अधिकारी को सूचना मिली थी कि सोनू इमरोज हत्याकांड में शामिल दो अपराधी डीसी गुडडू उर्फ मो.इमरान और मो.शमशेर शादी समारोह में कोलकाता से रांची आया है। सूचना मिलने के बाद वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में डेली मार्केट थाना पुलिस और डोरंडा थाना पुलिस ने फिल्मी अंदाज में डोरंडा इलाके में एक मैरेज हॉल में दाखिल हुए। इसी बीच अपराधी वहां से भागने लगा लेकिन पुलिस ने नाटकीय अंदाज में एक अपराधी डीसी गुड्डू उर्फ इमरान को मैरेज हॉल के बाहर मैदान के पास दबोच लिया, लेकिन इसी बीच दूसरा अपराधी मो शमशेर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

हत्याकांड का आरोपी मो. शमशेर भी डीसी गुड्डू उर्फ मो.इमरान के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए सोमवार की रात मैरेज हॉल पहुंचा था। सादे लिबास में मैरेज हॉल पहुंची पुलिस की टीम को देखते ही शमशेर स्थिति को भांप गया और चकमा देते हुए वहां से फरार हो गया। शमशेर को भागता देख इमरान भी अलर्ट हो गया था और भागना चाहा। हालांकि ऐन वक्त पर पुलिस की टीम उसतक पहुंच गई जिसके बाद वह पकड़ा गया। फिलहाल शमशेर की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## लिंक रैक देर से चलने के कारण रेल यातायात प्रभावित

**जयपुरः** उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 12976, जयपुर - मैसूर दिनांक 20.11.2024 को अपने निर्धारित समय 19.35 बजे के स्थान पर 01 घंटे 25 मिनिट की देरी से 21.00 बजे रवाना होगी।



# डांस झारखंड के दूसरे ब्रांच का भव्य उद्घाटन

### कलाकारों की कमी नहीं: राम सिंह





मेट्रो रेज

**रांचीः** राजधानी रांची के मोरहाबादी बोरिया में डांस झारखंड के दूसरे ब्रांच का भव्य उद्घाटन हुआ। जहां सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर हटिया विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी अजय शाहदेव, दिलीप गुप्ता,जेके ग्रुप के सीईओ जीशु प्रधान, शिव बारात आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश साहू, समाजसेवी अनिल कुमार, भोजपुरी युवा विकास मंच के अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी ,देव भगत, दिलीप गुप्ता, जयंत मिश्रा के साथ-साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे । इस अवसर पर संस्था के बच्चों ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही साथ झारखंड के प्रसिद्ध धन-धन रे छोटा नागपुर पर अद्भुत डांस करके सभी अतिथियों एवं आए सभी गणमान्य अतिथियों का मन मोहा। मौके पर संस्थान के निदेशक राम सिंह ने कहा कि हमें कलाकार एवं कलाकारों को समझने की आवश्यकता है इनमें कोई हुनर और पहचान की कोई कमी नहीं है रांची वासियों से अपील करूंगा अपना एक कदम कल कि ओर भी ले जाएं और झारखंड में कला संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए डांस झारखंड के साथ जरूर आए।

## सुविचार

**इंसान तो घर-घर पैदा होते हैं, लेकिन इंसानियत बस कहीं-कहीं ही जन्म लेती है।**

## बच्चों के अधिकारों का हो सम्मान

बाल दिवस केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अधिकांश देशों में मनाया जाता है। भारत में बाल दिवस प्रतिवर्ष 14 नवम्बर को मनाया जाता है लेकिन बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह दिवस 20 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। इस वर्ष यह दिवस ह्यप्रत्येक बच्चे के लिए, प्रत्येक अधिकारह्न विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देता है कि सभी बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण सहित उनके मौलिक अधिकारों तक पहुंच हो। वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना, उनकी समस्याओं को हल करना, उनके कल्याण के लिए काम करना तथा अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देना है। बाल दिवस दुनियाभर में 190 से ज्यादा देशों में मनाया जाता है और अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग-अलग हैं। जनवरी माह से लेकर दिसम्बर तक हर माह किसी न किसी देश में बाल दिवस का आयोजन होता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवम्बर 1954 को ह्यअंतरराष्ट्रीय बाल दिवसह्न मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जेनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्तूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वीके कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो। वैसे तो बाल दिवस मनाए जाने की शुरूआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो इसे दुनियाभर में मान्यता मिली 1953 में। दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जगरूक करने का प्रयास किया जाता है। माना जाता है कि सबसे पहले बाल दिवस तुर्की में मनाया गया था। आइए देखते हैं कि दुनियाभर में किन देशों द्वारा कब बाल दिवस मनाया जाता है। जनवरी के पहले शुक्रवार को बहामास में 11 जनवरी को ट्यूनिशिया, जनवरी के दूसरे शनिवार को थाईलैंड, फरवरी के दूसरे रविवार कुक द्वीप समूह, नाउरू, निउए, टोकेलौ तथा केमन द्वीप समूह में 13 फरवरी को म्यांमार, मार्च के पहले रविवार को न्यूजीलैंड, 17 मार्च को बांग्लादेश, 4 अप्रैल को चीनी ताइपे, हांगकांग, 5 अप्रैल को फिलीस्तीन, 12 अप्रैल को बोलिविया तथा हैती, 23 अप्रैल को तुर्की, 30 अप्रैल को मेक्सिको, 5 मई को दक्षिण कोरिया तथा जापान, मई के दूसरे रविवार को स्पेन तथा यूके, 10 मई को मालदीव, 17 मई को नार्वे, 27 मई को नाईजीरिया, मई के आखरी रविवार को हंगरी, 1 जून को चीन सहित कई देशों में बाल संरक्षण दिवस के रूप में, 1 जुलाई को पाकिस्तान, जुलाई के तीसरे रविवार को क्यूबा, पनामा, वेनेजुएला, 23 जुलाई को इंडोनेशिया, अगस्त के पहले रविवार को उरुग्वे, 16 अगस्त को पैराग्वे, अगस्त के तीसरा रविवार को अर्जेन्टीना तथा पेरू, 9 सितम्बर कोस्टा रीका, 10 सितम्बर को हौण्डुरस, 14 सितम्बर को नेपाल, 20 सितम्बर को आस्ट्रिया तथा जर्मनी, 25 सितम्बर को नीदरलैंड, 1 अक्तूबर को अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला तथा श्रीलंका, अक्तूबर के पहले बुधवार को चिली, अक्तूबर के पहले शुक्रवार को सिंगापुर, 8 अक्तूबर को ईरान, 12 अक्तूबर को ब्राजील, अक्तूबर के चौथे शनिवार को मलेशिया, अक्तूबर के चौथा रविवार को आस्ट्रेलिया, नवम्बर के पहले शनिवार को दक्षिण अफ्रीका, 20 नवम्बर को अजरबैजान, कनाडा, साइप्रस, मिस्र, इथियोपिया, फिनलैंड, फ्रांस, यूनान, आयरलैंड, इजराइल, केन्या, मैसिडोनिया, नीदरलैंड, फिलीपींस, सर्बिया, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, त्रिनिदाद व टोबेगो, 5 दिसम्बर को सूरीनाम, 23 दिसम्बर को सूडान तथा 25 दिसम्बर कांगो गणराज्य, कैमरून तथा भूमध्यरेखीय गिनी में बाल दिवस का आयोजन किया जाता है। बहरहाल, अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस पर हमें यह समझने का अवसर प्रदान करता है कि बच्चों का भविष्य उनके आज पर निर्भर करता है, जिसके लिए हमें ही यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, बालश्रम और शोषण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, बच्चों को उनकी प्रतिभा को निखारने के पर्याप्त अवसर मिलें, उन्हें सुरक्षित, स्वस्थ और पोषित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। भारत में बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए कई कानून और योजनाएं लागू हैं, जिनमें बाल श्रम निषेध और विनियमन अधिनियम 1986, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, पॉक्सो एक्ट 2012 प्रमुख रूप से शामिल हैं। मिड-डे मील योजना और आंगनवाड़ी सेवा जैसी योजनाएं भी बच्चों के पोषण और शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अपनी-अपनी सहूलियत के आधार पर विभिन्न देशों द्वारा भले ही अलग-अलग तारीखों पर बाल दिवस मनाया जाता है लेकिन हर जगह बाल दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि इसके जरिये लोगों को बच्चों के अधिकारों तथा सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा सके और बच्चों से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जा सके।

# सर्दी में आजमाएँ सेहतमंद और स्वादिष्ट बाजरा रेसिपी

सर्दी आ गई है और इसके साथ ठंडी हवाएँ और कड़ाके की ठंड आने वाली है। लेकिन घबराएँ नहीं, क्योंकि आपके सभी पसंदीदा गर्म मौसम के खाद्य पदार्थ आपको गर्माहट देने के लिए मौजूद होंगे। जबकि बाजरा भारत भर में सर्दियों के आहार का मुख्य भोजन है, यह ध्यान देने योग्य है कि यह न केवल हमें गर्म, स्वादिष्ट भोजन देता है बल्कि बहुमूल्य पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। बाजरे में ऐसा क्या अच्छा है? आइए बाजरे के स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानें, बाजरे से बनी कुछ स्वादिष्ट रेसिपी देखें।

**प्रियंका सौरभ**

सर्दी आ गई है और इसके साथ ठंडी हवाएँ और कड़ाके की ठंड आने वाली है। लेकिन घबराएँ नहीं, क्योंकि आपके सभी पसंदीदा गर्म मौसम के खाद्य पदार्थ आपको गर्माहट देने के लिए मौजूद होंगे। जबकि बाजरा भारत भर में सर्दियों के आहार का मुख्य भोजन है, यह ध्यान देने योग्य है कि यह न केवल हमें गर्म, स्वादिष्ट भोजन देता है बल्कि बहुमूल्य पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। बाजरे में ऐसा क्या अच्छा है? आइए बाजरे के स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानें, बाजरे से बनी कुछ स्वादिष्ट रेसिपी देखें।

मोती बाजरा, जिसे आमतौर पर बाजरा के नाम से भी जाना जाता है, एक शक्तिशाली पौष्टिक साबुत अनाज है, जिसमें प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट, विटामिन और खनिजों की भरपूर मात्रा होती है। यह दलिया, ब्रेड, बिस्कुट, पके हुए अनाज, सूप और स्टू जैसे खाद्य पदार्थों को एक अनोखा सुखद स्वाद और बनावट प्रदान करता है। इसकी गैर-चिपचिपी प्रकृति इसे पचाने में आसान बनाती है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें ग्लूटेन से एलर्जी है या सीलिएक रोग है। बाजरा चावल के लिए एक बढ़िया विकल्प है और इसे सॉस, स्टू, सूप और ग्रेवी के लिए गाढ़ा करने वाले एजेंट के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। बाजरे के भरपूर स्वास्थ्य लाभों की सूची बहुत लंबी है बाजरा मधुमेह के आहार के साथ पूरी तरह से काम करता है। इसमें काबोर्हाइड्रेट होते हैं जो धीरे-धीरे पचते हैं, जिससे लंबे समय तक ग्लूकोज का स्तर स्थिर रहता है। यह उसे मधुमेह रोगियों के लिए एक स्वस्थ भोजन विकल्प बनाता है। बाजरे के एसिडिटी-विनियमन और सुखदायक प्रभाव पेट के अल्सर, आंतों की परेशानी और उल्टी के लगातार दौरों से पीड़ित लोगों के लिए फायदेमंद होते हैं। बाजरा अपने रेचक गुणों के कारण पुरानी कब्ज से पीड़ित रोगियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है। बाजरे में पोटेशियम होता है, एक ऐसा खनिज जो रक्तचाप को कम करने में मदद करता है। इस सुपरफूड को कई संस्कृतियों में प्राकृतिक औषधि के रूप में जाना जाता है क्योंकि इसमें आपके शरीर के कामकाज में सहायता करने के लिए प्राकृतिक गुण होते हैं। बाजरा विटामिन और खनिजों से भरपूर होता है जिनकी हमें रोजाना जरूरत होती है-जैसे आयरन और मैग्नीशियम। बाजरा न केवल अतिरिक्त वजन कम करने के लिए बल्कि वजन बढ़ने से रोकने के लिए भी बेहतरीन विकल्प है। चूँकि इससे बनी रोटी में केवल 97 कैलोरी होती है, इसलिए यह आपको लंबे समय तक भरा हुआ और संतुष्ट महसूस कराती है। यह चयापचय में सुधार करता है और फाइबर, विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट से भी भरपूर होता है जो इसे आपके स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद बनाता है। बाजरा रोटीः सबसे पहले क्लासिक रेसिपी से शुरू करते हैं। बाजरे की रोटी बनाने में सबसे आसान और सबसे स्वादिष्ट रेसिपी है। सबसे पहले एक बड़े कटोरे में बाजरे का आटा और गेहूं का आटा नमक के साथ मिलाएँ। 3 / 4 कप गर्म पानी का उपयोग करके आटे को नरम आटा गूंथ लें। आटे को 8 रोटियाँ बनाने के लिए बाँट लें। आटे को अपने हाथों से दबाकर नरम बनाएँ। बेलन की सहायता से आटे को गोल रोटी के आकार में बेल लें। मध्यम आँच पर एक नॉन-स्टिक तवा गरम करें और अपनी बेली हुई रोटी को सावधानी से रखें। इसे कुछ सेकंड तक पकाए जब तक कि रोटी का रंग अच्छा न हो जाए। रोटी को पलटें और दूसरी तरफ भी इसी तरह पकाएँ। पकने के बाद, ऊपर से देसी घी लगाएँ। बाजरे की रोटी उड़द चना दाल के साथ सबसे अच्छी लगती है। अपने पौष्टिक भोजन का आनंद लें। हरी मूंग दाल के साथ बाजरा खिचड़ी पौष्टिक, गर्म और स्वादिष्ट होती है। खिचड़ी एक सरल और सुपाच्य भोजन है। हरी मूंग दाल के साथ बाजरे की खिचड़ी एक ऐसी रेसिपी है जिसे आपको अपने लंच मेन्यू में जरूर शामिल करना चाहिए। सबसे पहले बाजरे को 8 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रखें। अच्छी तरह से भिगोने के बाद इसे छान लें और बहते पानी के नीचे 2-3 बार धो लें। प्रेशर कुकर में भिगोया हुआ बाजरा, हरी मूंग दाल, स्वादानुसार नमक और 2 कप पानी डालें और 4 सीटी आने तक पकने दें। ढक्कन खोलने से पहले भाप निकलने दें। एक नॉन-स्टिक पैन लें और उसमें देसी घी, जीरा, हींग और हल्दी पाउडर डालें। इसे मध्यम आंच पर कुछ सेकंड के लिए भूनें। इस मिश्रण में पका हुआ बाजरा और हरी मूंग दाल के साथ एक चुटकी नमक डालें। अच्छी तरह मिलाएँ और धीमी आंच पर 2-3 मिनट तक पकाएँ। हरी मूंग दाल के साथ बाजरे की खिचड़ी तैयार है। इसे गरमागरम परोसें और दही के साथ परोसें। सुनहरा कुरकुरा डोसा किसे पसंद नहीं होता? सोचिए आपका पसंदीदा डोसा सेहतमंद भी हो सकता है। बाजरा डोसा वजन घटाने के लिए बहुत बढ़िया है और मधुमेह वाले लोगों के लिए एक उपयुक्त विकल्प है। चलिए खाना बनाना शुरू करते हैं!

डोसा बनाने के लिए 1 कप बाजरा, 1 / 2 कप उड़द दाल और 1 / 4 कप पोहा को 6 घंटे के लिए भिगोकर रखें। इसके बाद, मुट्ठी भर मेथी के दानों को 4-6 घंटे के लिए अलग से भिगो दें।

एक बार भिगोने के बाद, अच्छी तरह से छान लें और मिक्सर में 3 / 4 कप पानी डालकर चिकना होने तक ब्लेंड करें। मिश्रण को एक बड़े कटोरे में डालें और उसमें बाजरा का आटा और नमक डालें। लगभग 2 कप पानी डालें और व्हिस्क का उपयोग करके अच्छी तरह मिलाएँ। मिश्रण को ढक्कन से ढक दें और इसे रात भर के लिए खमीर उठने दें।

अगले दिन मिश्रण को अच्छी तरह से हिलाएँ। डोसा बनाने का समय आ गया है! एक नॉन-स्टिक तवा गरम करें, उस पर थोड़ा पानी छिड़कें और एक पतले मलमल के कपड़े से पोंछ लें। गरम तवे पर डोसा बैटर की एक चमच्च गोलाकार गति में डालें। किनारों पर एक बड़ा चम्मच देसी घी या तेल लगाएँ, जब तक कि डोसा दोनों तरफ से सुनहरा भूरा और कुरकुरा न हो जाए। गरमागरम सांभर और ठंडी चटनी के साथ इसका मजा लें।

त्यौहारों के लिए पसंदीदा, नाश्ते के समय का नाश्ता, आधी रात का नाश्ता, चाय के समय का बेहतरीन व्यंजन, पुरानी सर्पिल चकली कई लोगों के लिए बहुत मायने रखती है। आप इस आसान बाजरा रेसिपी से इसे और भी स्वादिष्ट बना सकते हैं। एक बड़े कटोरे में बाजरे का आटा, गेहूं का आटा, लहसुन, कलौंजी के बीज, हरी मिर्च का पेस्ट और नमक मिलाकर शुरू करें। इन सबको अच्छे से मिलाएँ। अपनी उँगलियों का उपयोग करके आटे के मिश्रण में नरम मक्खन डालें जब तक कि मिश्रण ब्रेड या कुकी के टुकड़ों जैसा न हो जाए।

मिश्रण को चकली बनाने वाले में डालें और आटे के सर्पिल को एल्युमिनियम फॉयल पर दबाएँ। अब तलना शुरू करते हैं। एक कढ़ाई में तेल गरम करें, अपनी कीमती चकली को धीरे से उठाएँ और एक-एक करके तेल में डालें। एक-एक करके कुछ चकली को तब तक डीप फ्राई करें जब तक कि वे दोनों तरफ से सुनहरे भूरे रंग की न हो जाएँ। बाजरे की चकली को टिशू पेपर पर निकाल लें और खाने के लिए तैयार हो जाएँ। सबसे बढ़िया आखिर में! गरम चॉकलेट सॉस के साथ परोसे जाने वाले स्वादिष्ट बाजरा पैनकेक का स्वाद लाजवाब होता है। आप इसे मिठाई या नाश्ते के तौर पर भी खा सकते हैं। यह दोनों ही तरह से फायदेमंद है। आधा कप बाजरा का आटा और बराबर मात्रा में गुड़ मिलाकर शुरूआत करें। बाजरे के आटे को छलनी से छान लें, फिर आटे में आधा कप पिघला हुआ गुड़, 1 बड़ा चम्मच कोको पाउडर, 1 और मसला हुआ केला मिलाएँ। गर्म पानी के साथ सभी सामग्री को मिलाकर चिकना घोल बनाएँ। पी.एस.-घोल बनाने के लिए आप गर्म दूध का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। एक पैन गरम करें और उस पर थोड़ा मक्खन लगाएँ, फिर धीरे से एक करछुल घोल डालें, पैनकेक को पलटकर बनाएँ और चॉकलेट सिरप या वनीला आइसक्रीम के साथ गरमागरम परोसें। क्या आप बाजरे को अपने भोजन में शामिल करने और इसके अनगिनत लाभों का लाभ उठाने के लिए तैयार हैं? बाजरा को नियमित आहार में शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। बाजरा पोषक तत्वों से भरपूर है और इसे फाइबर का पावर हाउस भी कहा जाता है। बाजरा का नियमित रूप से सेवन करने से खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी कम होता है। यह डायबिटीज को दूर रखते हुए ग्लूकोज के स्तर को नियंत्रित करता है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीतिः शिक्षा के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य का निर्माण

त्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संज्ञानात्मक विकास और 21वीं सदी के कौशल को बढ़ावा देना है। इस पर 27360 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। एनईपी 2020 की सिफारिशों के अनुरूप, समग्र शिक्षा योजना सभी बच्चों को एक समावेशी और न्यायसंगत सीखने के माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना चाहती है

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

हम एक ऐसी शिक्षा प्रणाली स्थापित कर रहे हैं, जिससे हमारे देश के युवाओं को विदेश जाकर शिक्षा न लेनी पड़े। हमारे मध्यम वर्ग के परिवारों को लाखों या करोड़ों रुपये खर्च करने की जरूरत नहीं है। इतना ही नहीं, हम ऐसे संस्थान भी स्थापित करना चाहते हैं, जो दूसरे देशों के लोगों को भारत आने के लिए आकर्षित करें। प्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। 29 जुलाई, 2020 को भारतीय केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) को मंजूरी दी। एनईपी का उद्देश्य इक्कीसवीं सदी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत की शैक्षिक प्रणाली का आधुनिकीकरण करना है। अधिक समावेशी और दूरदर्शी दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना है। विभिन्न योजनाएं पूरे देश में बदलाव ला रही हैं। 7 सितंबर, 2022 को प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम श्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया पहल को मंजूरी दी। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पूरे भारत में 14500 स्कूलों को मजबूत करना है। छात्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संज्ञानात्मक विकास और 21वीं सदी के कौशल को बढ़ावा देना है। इस पर 27360 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। एनईपी 2020 की सिफारिशों के अनुरूप, समग्र शिक्षा योजना सभी बच्चों को एक समावेशी और न्यायसंगत सीखने के माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना चाहती है जो उनकी विभिन्न क्षमतायें और आवश्यकताओं को पूरा करती है। यह प्रणाली 1 अप्रैल, 2021 को शुरू हुई और पांच साल तक चलेगी, जो 31 मार्च, 2026 को समाप्त होगी। वह विभिन्न छात्र समूहों को सक्रिय रूप से भाग लेने और अकादमिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित करती है। यह पहल कक्षा 9 वी से 12 वीं तक के चयनित छात्रों के लिए एक सप्ताह का आवासीय कार्यक्रम है। इसका लक्ष्य अत्याधुनिक तकनीक और नवाचार के संयोजन का उपयोग करके एक आकर्षक और रोमांचक सीखने का अनुभव बनाना है। प्रत्येक सप्ताह, पूरे देश से 20 छात्रों (10 लड़के और 10 लड़कियाँ) का एक समूह इस कार्यक्रम में भाग लेगा। जिसे न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम के नाम से भी जाना जाता है, भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-2027 के लिए शुरू किया गया था। यह केंद्र समर्थित प्रयास राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और इसका उद्देश्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को सशक्त बनाना है, विशेष रूप से उन लोगों को जिन्होंने औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं की है। कार्यक्रम का उद्देश्य उनके पढ़ने के कौशल में सुधार करना है, जिससे वे समाज में बेहतर तरीके से एकीकृत हो सकें और देश के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दे सकें। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने 5 जुलाई, 2021 को निपुण भारत, रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन और न्यूमेरेसी प्रोफिशिएंसी के लिए राष्ट्रीय पहल की घोषणा की। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश का हर बच्चा बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता सीखे। कक्षा 1 के छात्रों के लिए तीन महीने के खेल-आधारित स्कूल तैयारी मॉड्यूल के लिए विद्या प्रवेश दिशा-निर्देश 29 जुलाई, 2021 को प्रकाशित किए गए थे। इस प्रयास का लक्ष्य कक्षा एक में प्रवेश करने वाले बच्चों के लिए एक सकारात्मक और स्वागत योग्य वातावरण प्रदान करना है, यह सुनिश्चित करना कि सबकुछ सुचारू रूप से चले। बदलावों को बेहतर बनाना और आनंददायक सीखने के अनुभव प्रदान करना। 7 सितंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्कूल स्वयंसेवक प्रबंधन कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार करके और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) गतिविधियों और निजी क्षेत्र से योगदान को प्रोत्साहित करके सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना है। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू द्वारा 5 सितंबर, 2017 को इसकी शुरूआत की गई। मंच का लक्ष्य शैक्षिक नवाचारों और प्रयोगों में तेजी लाकर शिक्षक प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास में सुधार करना है। दीक्षा राज्यों और शिक्षक शिक्षा संस्थानों (टीईआई) को अपनी व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप मंच को तैयार करने की क्षमता प्रदान करती है, जिससे देशभर के शिक्षकों, शिक्षक शिक्षकों और छात्र शिक्षकों को लाभ होता है। स्वयं प्लस का आधिकारिक उद्घाटन 27 फरवरी, 2024 को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग-संबंधित पाठ्यक्रमों, कौशल विकास, रोजगारपरकता और मजबूत उद्योग सहयोग के गठन के लिए एक अभिनव क्रेडिट मान्यता प्रणाली स्थापित करके उच्च शिक्षा को बदलना और रोजगार क्षमता बढ़ाना है। शिक्षा मंत्रालय ने 21 अगस्त, 2019 को निष्ठा (स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र उन्नति के लिए राष्ट्रीय पहल) का उद्घाटन किया, जिसका लक्ष्य 4.2 लाख प्राथमिक शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों के पेशेवर विकास को बढ़ाना है। कोविड-19 महामारी के जवाब में निष्ठा पहल को 6 अक्टूबर, 2020 को दीक्षा मंच के माध्यम से ऑनलाइन लॉन्च किया गया था। इस सफलता के आधार पर निष्ठा 2.0 को 2021-22 में माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए प्रकाशित किया गया, जबकि निष्ठा 3.0, जो मौलिक साक्षरता और संख्यात्मकता पर केंद्रित है, 7 सितंबर, 2021 को जारी किया गया। शिक्षा मंत्रालय ने भारत में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में 29 सितंबर, 2015 को राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) जारी किया। एनआईआरएफ ने विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और अन्य संस्थानों के मूल्यांकन और रैंकिंग के लिए एक संगठित और पारदर्शी प्रणाली की स्थापना की, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया और शिक्षा और बुनियादी ढांचे में सुधार को आगे बढ़ाया।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# गणाधिपति संकष्टी चतुर्थी व्रत से होती है अक्षय फलों की प्राप्ति

**धर्म-अध्यात्म**

गणाधिपति संकष्टी चतुर्थी का ग्रंथों में खास महत्व है। संकष्टी का अर्थ है- समस्याओं से मुक्ति। पंडितों के अनुसार इस उपवास को रखने से भगवान गणेश जीवन के सभी दुखों को दूर करते हैं। इसके साथ ही उनका आशीर्वाद सदैव के लिए प्राप्त होता है। हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश को समर्पित होती है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि को गणाधिप संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है। इस शुभ दिन भगवान गणेश की विधि-विधान से उपासना की जाती है। जीवन के संकटों को दूर करने के लिए गणपति बप्पा के निमित्त व्रत भी किया जाता है। इस साल गणाधिपति संकष्टी चतुर्थी 18 नवंबर को पड़ रही है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा करना अत्यंत फलदायी होता है। यह व्रत सुबह से लेकर शाम को चंद्रोदय होने तक किया जाता है। संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत का पारण चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद किया जाता है। प्रत्येक महीने के कृष्ण और शुक्ल, दोनों पक्षों की चतुर्थी को भगवान गणेश की पूजा का विधान है।

पंडितों के अनुसार जो साधक गणाधिप संकष्टी व्रत का पालन करते हैं, उन्हें इस व्रत का पारण समय और विधिपूर्वक करना चाहिए। सबसे पहले ब्रह्म मुहूर्त में उठकर पवित्र स्नान करें। फिर अपने मंदिर की साफ-सफाई करें। भगवान गणेश की विधिपूर्वक पूजा करें और उनके मंत्रों का जाप भक्तिपूर्वक करें। उन्हें फल, फूल, मोदक, अन्य घर पर मिष्ठान आदि चीजें अर्पित करें। आरती से पूजा को समाप्त करें। पूजा में हुई गलतियों के लिए माफी मांगे। अपनी क्षमता के अनुसार, दान करें। फिर चढ़ाए गए प्रसाद जैसे- मोदक, केला, खीर आदि प्रसाद को ग्रहण करें। इसके बाद सात्विक भोजन करें, जिसमें लहसून, प्याज न डला हो। बप्पा का आभार प्रकट करें। साथ ही इस दिन पूरी तरह से तामसिक चीजों से दूर रहें। इससे आपको व्रत का पूरा फल प्राप्त होगा। गणाधिप संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी का अर्थ होता है- संकटों को हरने वाली। भगवान गणेश बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य को देने वाले हैं। इनकी उपासना शीघ्र फलदायी मानी गई है। कहते हैं कि जो व्यक्ति संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी का व्रत करता है, उसके जीवन में चल रही सभी समस्याओं का समाधान निकलता है और उसके सुख- सौभाग्य में वृद्धि होती है।

शास्त्रों के अनुसार गणाधिपति संकष्टी चतुर्थी के व्रत का पारण करने के अगले दिन भी केवल सात्विक भोजन या फलाहार ही ग्रहण करें और तामसिक भोजन से परहेज करें। संकष्टी चतुर्थी में व्रत खोलने के लिए चंद्रमा दर्शन और पूजन को जरूरी माना गया है। इस व्रत को चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद पूर्ण माना जाता है। चंद्रोदय के बाद अपनी सुविधा के अनुसार अर्घ्य देकर व्रत का पारण करें और अपनी मनोकामना के लिए पूजा अर्चना करें। गणाधिप संकष्टी चतुर्थी के दिन गणेश चालीसा का पाठ करना शुभ रहेगा। पौराणिक कथा के अनुसार, त्रेतायुग में भगवान राम के पिता दशरथ एक प्रतापी राजा थे, उन्हें शिकार करना बहुत ही अच्छा लगता था। एक बार अनजाने में उनसे एक श्रवणकुमार नामक ब्राह्मण का वध हो गया। उस ब्राह्मण के अंधे मां-बाप ने राजा दशरथ को शाप दिया कि जिस प्रकार हम लोग पुत्र वियोग में मर रहे हैं, उसी तरह तुम्हारी भी पुत्र वियोग में मृत्यु होगी। इससे राजा बहुत परेशान हो गए।

## टिप्स

### रामबाण से कम नहीं है आंवला का सेवन

**आयुर्वेद** में आंवला के कई हेल्दी बेनिफिट्स के लिए जाना जाता है। आंवला, विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स समेत कई पोषक तत्वों का भंडार है। आंवला सुपरफूड की तरह है जिसे अपनी डाइट में जरुर शामिल करना चाहिए। इम्यूनिटी को बूस्ट करने से लेकर बालों के लिए काफी फायदेमंद होता है आंवला। यह बॉडी को गर्म रखने के साथ ही बीमारियों को दूर करता है। आइए जानते आंवला के फायदे।

आंवला में विटामिन सी भरपूर होते है, इसमें कई न्यूट्रिशन पाए जाते हैं जो शरीर को स्वस्थ रखने में फायदेमंद होते है। आंवला हमारे इम्यून सिस्टम के लिए काफी फायदा पहुंचाता है। इसके सेवन से बीमारियां दूर हो जाती है।

प्रतिदिन आंवला खाने से पेट संबंधित समस्याएं दूर होती है। इसके साथ ही पेट से जुड़ी समस्याओं से भी राहत मिलता है।

जो लोग डायबिटीज से परेशान हैं उन्हें आंवले का सेवन करना चाहिए।

आंवला में कुछ ऐसे कंपाउंड्स मौजूद होते हैं जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करते हैं, जो डायबिटीज वाले मरीजों के लिए फायदा पहुंचाता है।

आंवला हेयर्स फॉलिकल्स को पोषण प्रदान करता है। बालों की जड़ों को मजबूत करने और समय से पहले सफेद होने से रोकने में मदद करता है। इससे बाल हेल्दी, चमकदार और घने दिखने लगते हैं।

आप घर पर ही आंवले का अचार बना सकते हैं। आंवले के टुकड़ों को नमक, मसालेदार और तीखा अचार बना सकते हैं।

आप चाहे तो आंवले के टुकड़ों को सुखाकर बारीक पीस लें। इस पाउडर को आप अपनी स्मूदी या फिर दही में मिला सकते हैं।

**शिल्पी कुमारी**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## चुनाव ड्यूटी में प्रतिनियुक्त मतदान कर्मी की मौत

**धनबाद :** निरसा विधानसभा क्षेत्र में प्रतिनियुक्त मतदान कर्मी कार्तिक घोष (56 वर्ष) की मंगलवार को निरसा पॉलिटेक्निक में बनाए गए एश्ट डिस्पैच सेंटर में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, मतदान कर्मी कार्तिक घोष डिस्पैच सेंटर में ईवीएम कलेक्ट करने के लिए पहुंचा था। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। पॉलिटेक्निक में तैनात मेडिकल टीम ने उसका प्राथमिक उपचार किया और उसे निरसा सीएचसी भेज दिया। वहां उसकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने 108 एंबुलेंस से उसे एसएनएमएमसीएच, धनबाद भेजवाया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की वजह हार्ट अटैक बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, सेल चासनाला में कार्यरत कर्मी कार्तिक घोष ईवीएम डिस्पैच सेंटर पर मतदान सामग्री से संबंधित कागजात तैयार करवा रहा था। इसी दौरान अचानक उनकी छाती में दर्द उठा। उसे पहले से ही हार्ट की बीमारी थी।

## सड़क हादसे में एक गंभीर

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र जलेबिया घाटी में सड़क दुर्घटना में उधवा जामनगर निवासी मिथुन चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया ।जिरवाबाड़ी पुलिस के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि मिथुन का सकरीगली में ससुराल था और मिथुन ससुराल में दो दिन रहने के बाद अपनी पत्नी को लेकर जाने वाला था । लेकिन किसी काम से वह जिलेबिया घाटी के तरफ गया हुआ था इसी दरमियान बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दुर्घटना ग्रसित हो गया।

## ससुर व साले ने दामाद को हंसुए से मारकर किया घायल

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कारगिल दियारा लालबथानी नया टोला निवासी भगेरू महतो को उसी के ससुर एवं साला ने हंसुआ से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अपनी शिकायत को लेकर मुफस्सिल पुलिस के पास गया जहां पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घायल भगेरू महतो ने बताया कि मेरी शादी 12 वर्ष पूर्व राम कृपाल सिंह की पुत्री से प्रेम विवाह हुआ था हमारा दो पुत्र एवं एक पुत्री है लेकिन तीन साल पहले मेरी पत्नी अपने मायके गई जो अभी तक नहीं आई जब मैं लाने जाता हूँ तो ससुर राम कृपाल सिंह और साल बीरबल महतो मेरे साथ मारपीट करता है ।जिसकी सूचना एक महीना पूर्व मुफस्सिल थाना में दिया था लेकिन कोई कारवाई नहीं हुई ।आज जब मै अपने घर के बगल में खड़ा था तो अचानक ससुर राम कृपाल सिंह और साला बीरबल महतो आया और मारपीट करने लगा वही हंसुआ निकाल कर मेरे सर पर दे मारा जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गया ।वही स्वजनों ने मुझे आनन -फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। वही मुफस्सिल थाना प्रभारी ने बताया कि मामले कि छानबीन की जा रही हैं।

## एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान के तहत नकद रूपये के साथ युवक गिरफ्तार

**साहिबंगज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज स्थित नवनिर्मित गंगा पुल के नीचे मुख्य सड़क पर एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान के दौरान मुफस्सिल थाना पुलिस ने एक यूवक को नगद रूपय के साथ अपने हिरासत में लिया हैं। मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया विधानसभा चुनाव को लेकर एसपी के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है वाहन जांच अभियान के दौरान एक युवक की स्कूटी से लगभग 69000 रूपय नगद बरामद किया गया हैं। फिलहाल पुलिस पूछताछ कर छानबीन कर रही है।

## लोहरदगा में धान मिसाई को लेकर दो पक्षों में मारपीट, कार्रवाई की मांग

**लोहरदगा :** शहरी क्षेत्र अंतर्गत बसार टोली में धान मिसाई को लेकर दो पक्षों में मारपीट एवं अन्य आरोप लगाया गया है। यहां पर शिक्षक दंपति की ओर से थाने में लिखित आवेदन देकर मामले की बारीकि से जांच पड़ताल करने और उचित कार्रवाई करने की मांग रखी गई है। इधर सरकारी शिक्षक विनोद राम और अनिल राम का कहना है कि बगल के रहने वाली सुरेश साहू की पत्नी मुन्नी देवी हमेशा हमारे परिवार वालों को झूठे केस में फंसा देने और नौकरी खा जाने की धमकी देते आई है। इन दोनों भाईयों ने बताया कि धान मिसाई के दौरान हम दोनों भाइयों और हमारे परिवार वालों के द्वारा किसी तरह का उनके साथ मारपीट या फिर अश्लील हरकतें नहीं किए हैं। कहा कि इसके बावजूद झूठा आरोप लगाकर हमारे परिवार वालों को फंसाने और बदनाम करने की साज़िश रची गई है। इन भाइयों ने लोहरदगा सदर थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय दिलाने की मांग की है। इधर शिक्षक अनिल राम की पत्नी ने कहा कि बीते गुरुवार को हमारे घर के पीछे ट्रैक्टर ड्रेसिंग मशीन से मुन्नी देवी के द्वारा धान मिसाई किया जा रहा था। उसकी गंदगी हमारे घर के छत और परिसर में जमा हो रही थी। इसकी शिकायत की तो वे लोग मारपीट करने लगे। इस बात पर सुरेश साहू और उसकी पत्नी मुन्नी देवी, पुत्र सोनू कुमार साहू, बालमईत देवी, प्रदीप साहू, रानी कुमारी और प्रदीप की पत्नी सुनैन कुमारी सभी मारपीट किये। वहीं नेहा कुमारी, राम प्रसाद राम, अनीता देवी समेत अन्य पड़ोसियों ने बताया कि शिक्षक विनोद और अनिल एवं उनके परिवार वालों की कोई गलती नहीं है। बेवजह मुन्नी देवी साजिश रचकर फंसाने का कार्य कर रही है। ये लोग सरल स्वभाव के हैं।

## आर्मी दौड़ की तैयारी कर रहे युवक का मिला शव

**चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के कोबना पंचायत के कोल्हुआ डाहा गांव के समीप मंगलवार को हंटरगंज-कौलेश्वरी मुख्य पथ के किनारे एक युवक का शव मिला। युवक की पहचान इसी गांव के बैजु यादव का पुत्र सरजन यादव उर्फ पवन (21) के रुप में हुई है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया।

पुलिस घटना से संबंधित हर एक बिंदु पर बारीकी से जांच कर रही है। मृतक युवक सोमवार की शाम किसी व्यक्ति से फोन पर बात करते हुए घर से निकला था। वह घर के बाहर बरामदे में सोया करता था। घर लौटा या नही किसी को कोई जानकारी नहीं हुआ। सुबह एक शव होने की खबर सुनकर परिजन पहुंचे, जिसके बाद उसकी पहचान हुई। जिस जगह शव बरामद हुआ वहां पवन वर्जिश करता था। वह आर्मी की तैयारी कर रहा था। 24 नवम्बर को उसका रांची में दौड़ भी था। पुलिस ने घटना स्थल के पास से मृतक का मोबाइल, चपल एवं जैकेट भी बरामद किया है। मृतक के शरीर पर कई जगहों पर कट और चोट के निशान भी मिले हैं। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि मृतक युवक का कॉल डिटेल्स खंगाला जा रहा है।


# विधानसभा चुनाव 2024 : दूसरे चरण का मतदान जारी

# सभी बूथों पर अंदर-बाहर की ओर लगे हैं कैमरे

## किसी प्रकार की घटना से निपटने के लिए तैनात हैं पुलिस प्रशासन

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** विधानसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण हेतु 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे के वेबकास्टिंग द्वारा की जा रही है। सभी बूथों पर अंदर एवं बाहर की ओर कैमरे लगे हैं।जिसकी मॉनिटरिंग जिला मुख्यालय, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से की जा रही है। सभी मतदान केंद्रों पर मॉक पोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। वही दूसरी ओर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु राजमहल क्षेत्र के भाजपा पूर्व विधायक सह प्रत्याशी अनंत कुमार ओझा अपने कर्तव्य का पालन करते हुए जनता के बीच उत्क्रमित विद्यालय शोभापुर भट्ठा स्थित बूथ नंबर 45 में वोट देने के लिए कतर में खड़े हैं। जबकि वोट देने के बाद बोले प्रत्याशी पहले मतदान फिर जलपान साबित करते हुए नजर आए । जबकि निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव भी इस कतार के दूसरे छोर में खड़े थे। अपना वोट देने के लिए वहीं जिला प्रशासन की तैनाती भी देखी गई यह मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की प्रयास में जुटे हुए।





## चरम पर मतदाता का उत्साह



**साहिबगंज/मेट्रो रेज :** बुधवार की सुबह से ही मतदाता अपने-अपने बूथ वोट देने के लिए कतार में लग गये है। वही जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान हो इसके के लिए जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी पंकज दुबे बडे ही मुस्तदी से पैनी नजर बनाए रखे है।

## आकर्षक का केंद्र बना डॉल्फिन बूथ

**साहिबगंज/मेट्रो रेज :** जिला प्रशासन की ओर से बोरियो विधानसभा क्षेत्र में शहर के पुलिस लाइन मिडिल स्कूल बूथ नंबर 88 ओर 89 में टेराकोटा कलाकृति बूथ बनाया है। जहां मतदाता सेल्फी प्वाइंट भी टेराकोटा कलाकृति से बनाया गया है। वही पुरानी साहिबगंज ओझा टोली पुस्तकालय बूथ को डॉल्फिन बूथ बनाया गया है। जो आकर्षक का केंद्र है।




## सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम चप्पे-चप्पे पर तैनात है पुलिस



**साहिबगंज/मेट्रो रेज :** चप्पे चप्पे पर बूथ निरीक्षण करते सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता सहित अन्य, सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। वोटर निडर निर्भीक होकर बूथों में पहुंचकर वोट दे रहे है। सेना पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात है। पेट्रोलिंग पार्टी गश्ती कर रही है।

## साइबर ठगों ने गोविंदपुर की महिला के खाते से उड़ाए रुपए

मेट्रो रेज

**धनबाद :** जिले के गोविंदपुर गांधी मेला पथ (टुंडी रोड) निवासी एक महिला विभा कुमारी साइबर ठगी की शिकार हो गई। विभा कुमारी के पति अनिल कुमार यादव की टुंडी रोड में बेसिक स्कूल गेट के पास खैनी की दुकान है। विभा कुमारी का बैंक अकाउंट केनरा बैंक गोविंदपुर में है। इसी अकाउंट में खैनी दुकान का पेटीएम पेमेंट जमा होता है। मंगलवार की सुबह करीब 9.30 बजे विभा कुमारी के मोबाइल पर रवि कुमार नाम के व्यक्ति ने 6290419721 नंबर से फोन कर बताया कि कैशबैक के तहत आपको 4500 रुपए मिले हैं। विभा कुमारी के मोबाइल स्क्रीन पर यह राशि दिखाई भी पड़ रही थी। उक्त व्यक्ति ने विभा से कहा कि उस लिंक पर क्लिक करें, ताकि रुपए आपके अकाउंट में जा सकें। विभा ने जैसे उस लिंक पर क्लिक किया, उसके बैंक अकाउंट में जमा कुल 11,693 रुपए निकल गए। महिला के पति अनिल कुमार ने बैंक मैनेजर से मिलकर तुरंत इसकी शिकायत दर्ज कराई।

## पलामू में दो घरों से लाखों की चोरी

**पलामू।** जिले के चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा पंचायत के कोल्हुआ गांव में एक ही रात दो बंद घरों में चोरी कर ली गई। चोरों ने एक ही तरीके से दोनों घर में लगे ताले तोड़कर घर में महंगे आभूषण सहित नगदी की चोरी कर ली। 10 लाख रुपये की संपत्ति चोरी होने की जानकारी दी गई है। सूचना मिलने पर चैनपुर थाना से पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन करते हुए चोरों की तलाश में जुट गई है। कोल्हुआ निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक बिंदेश दूबे अपने बच्चों और परिवार के साथ वाराणसी में रहते हैं तथा दूसरे घर के मालिक मनोज दूबे जो अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं। दोनों लोगों के घर में गहना और नगद की चोरी कर ली गई है। बिंदेश दूबे के घर से 4 सेट गहना और एक लाख नगद की चोरी कर ली गई, जबकि मनोज दूबे के घर से दो लाख का गहना और 10 हजार नगद की चोरी कर ली गई है। लोगों का शक है कि कबाड़ी वाले लोग आते हैं और बंद घरों की रेकी करते हैं फिर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।

# सरसडंगाल में डायरिया से आठ लोग आक्रांत, एक रेफर

### प्रखंड क्षेत्र में बढ़ रहा प्रकोप, गांव पहुंच कर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की जांच

मेट्रो रेज

**शिकारीपाड़ा :** प्रखंड क्षेत्र में डायरिया का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। शहरपुर, सोनाढाब, डुमरिया और चितरागड़िया के बाद सरसडंगाल में आठ लोग आक्रांत हो गये हैं। इसमें एक की हालत गंभीर होने पर दुमका रेफर किया गया है। जानकारी मिलते ही सीएचसी की टीम गांव पहुंच कर पीड़ितों की जांच की। डायरिया पीड़ितों में सरसडंगाल की रहनेवाली 30 वर्षीय धनमुनी बास्की, 36 वर्षीय सबीना टुडू ,70 वर्षीय दुली किस्कू, 18 वर्षीय चंपा मरांडी, 73 वर्षीय मुंडरी किस्कू, 25 वर्षीय दिनेश हांसदा, 50 वर्षीय उपाय किस्कू व 20 वर्षीय मार्शल हांसदा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज के बाद गंभीर स्थिति में चंपा मरांडी को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका रेफर कर दिया गया है। रविवार को चितरागड़िया 56 वर्षीय पकु टुडू को इलाज के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से छुट्टी दे दी गयी थी, पर सोमवार को फिर से दस्त होने पर उन्हें वापस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। रविवार देर शाम व रात को सीएचसी में भर्ती कराये गये मरीजों का इलाज चल रहा है। सोमवार को डॉ स्वर्णप्रिया लकड़ा के नेतृत्व में मेडिकल टीम सरसडंगाल, चितरागड़िया व शहरपुर गांव पहुंची। ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान ग्रामीणों को ओआरएस व दवाइयां दी गयी। लोगों को पानी गर्म कर पीने, गर्म खाना खाने व शौच आदि के बाद साबुन से हाथ धोने की सलाह दी गयी। मेडिकल टीम में चिकित्सक के अलावा सीएचओ अलबिना मरांडी, जीएनएम पूनम मरांडी, एएनएम ललिता हांसदा व रुमा हेंब्रम शामिल थे। प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ देवानंद मिश्रा ने बताया कि सीएचसी में पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध है। किसी को भी डायरिया के लक्षण होने पर तुरंत पहुंच कर इलाज करायें। ताजा व गर्म भोजन करें। ताकि जल्द स्वस्थ हो सकें।



## जादूगोडा प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता

# यूसिल व सुरदा ताम्र खदान से 11 टीमों ने लिया हिस्सा

### नरवा पहाड़ में खान सुरक्षा सप्ताह का तीसरा दिन

मेट्रो रेज

**जादूगोडा :** भारत सरकार की संस्थान यूरेनियम कॉपरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट में 62वें खान सुरक्षा सप्ताह (18 -24 नवंबर) के तीसरे दिन कोल्हान स्तरीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम नरवा पहाड़ म्यूजियम प्रांगण में हुआ।

यूसिल की जादूगोड़ा टीम ने भी किया बेहतर प्रदर्शनः इस संबंध में नरवा पहाड़ यूरेनियम माइंस के सेफ्टी अधिकारी प्रकाश कुमार ने कहा कि माइंस में दुर्घटना के बाद तत्काल घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार कर सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर उसे कैसे अस्पताल पहुंचा कर उसकी जान बचाई जा सके, इसे लेकर प्रतियोगिता आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में पूरे कोल्हान से यूसिल की जादूगोड़ा, नरवा पहाड़, भाटिन, तूरामडीह, बंदु हुराग ओपन कास्ट माइंस एवं सुरदा माइंस समेत कुल 11 टीम हिस्सा ले रही है। नरवा पहाड़ में आयोजित कोल्हान स्तरीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता में यूसिल की जादूगोड़ा टीम ने भी भी विप्लव भक्त की अगुवाई में बेहतर प्रदर्शन किया। इस टीम में नारायण हांसदा, सुमित माझी व साधन माझी ने भी भाग लेकर प्राथमिक उपचार के श्रेष्ठ हुनर का प्रदर्शन किया।

**कार्यक्रम में उपस्थित जज की टीमः** प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता में जज के तौर पर सुरदा माइंस के डिप्टी मैनेजर कमलेश सोरेन, तूरामडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट के मैनेजर एमके मिश्रा, डॉक्टर कल्पना खर्रा, नरवा पहाड़ सेफ्टी अधिकारी प्रकाश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन यूसिल अधिकारी एसएन महतो ने किया जबकि इस मौके पर काफी संख्या में वरीय अधिकारी एसके सिंह, एसजी ईश्वर समेत कंपनी कर्मी उपस्थित थे।



## पलामू में गर्भवती युवती की दवा खाने से मौत

**पलामू।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के चांदो तेतरिया टोला की युवती अनिता कुमारी (बदला हुआ नाम) की गर्भावस्था में दवा खाने से मौत हो गयी। उसका शव मेदिनीनगर के रामनगर गैस गोदाम के पास मंगलवार सुबह दस बजे योगेन्द्र ठाकुर के मकान से बरामद किया गया। इस मकान में युवती की भाई और भाभी किराये पर रहते हैं। युवती कई महीने से गर्भवती थी। उसे सर्दी खांसी हुई थी। शादी नहीं होने के बावजूद गर्भवती होने के कारण वह समाजिक लोक लाज के कारण किसी अच्छे डाक्टर से नहीं दिखाकर स्थानीय मेडिकल स्टोर से दवा ले ली थी। दवा खाते ही उसकी तबियत बिगड़ी और फिर उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि युवती यौन शोषण की शिकार थी। गत नौ अप्रैल को युवती ने जिले के एसपी रीष्मा रमेशन को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी थी।

# प्राइम वीडियो आईएफएफआई में प्रदर्शित होने वाली 'द मेहता बॉयज' का करेगा प्रीमियर शो

मनोरंजन प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के मौके पर कई मजेदार इवेंट्स होस्ट करेगा। प्राइम वीडियो ने इस आईएफएफआई में प्रदर्शित होने वाली फिल्मों की घोषणा भी कर दी है। प्राइम वीडियो इस फेस्टिवल में मच अवेटेड तेलुगु ओरिजिनल सीरीज द राणा दग्गुबाती शो का पहला एपिसोड दिखाएगा। इसमें राणा अपने मेहमानों के साथ मजेदार बातचीत और दिलचस्प एक्टिविटीज में भाग लेंगे। प्रीमियर में खुद राणा दग्गुबाती के साथ प्राइम वीडियो इंडिया की डायरेक्टर और मार्केटिंग हेड सोनल काबी भी मौजूद रहेंगी। स्पेशल स्क्रीनिंग के बाद राणा आगामी सीरीज में शामिल होने वाले दिलचस्प मेहमानों के बारे में जानकारी शेयर करेंगे और एक लाइव चैट सेशन में दर्शकों से बातचीत करेंगे। दरअसल, राणा दग्गुबाती ने इस आठ-एपिसोड वाली सीरीज का निर्माण किया है। इस शो के मेहमानों की एक लंबी लिस्ट है, जिसमें दुलकर सलमान, नागा चैतन्य अक्किनेनी, नानी, ऋषभ शेट्टी, श्रीलीला के साथ सिद्धु जोनालागड्डा, राम गोपाल वर्मा और एसएस राजामौली और कई दूसरी प्रसिद्ध हस्तियां शामिल होंगी। राणा दग्गुबाती शो एक अलग तरह का सेलिब्रिटी टॉक शो है, जहां मशहूर हस्तियां खुलकर बातें करती हैं और अपने पर्सनल लाइफ के अनसुने पहलुओं को सामने लाती हैं। राणा दग्गुबाती शो 23 नवंबर को प्राइम वीडियो पर लॉन्च होगा। हर शनिवार को नया एपिसोड रिलीज किया जाएगा।जानकारी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित ओरिजिनल फिल्म 'द मेहता बॉयज' का एशिया का प्रीमियर भी प्राइमवीडियो पर होगा। यह फिल्म एशिया में भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) पर 25 नवंबर को अपनी पहली स्क्रीनिंग करेगी। यह फिल्म बाप और बेटे के बीच के उलझे हुए रिश्ते को सामने लाती है, जहां दोनों को 48 घंटों तक एक-दूसरे के साथ रहना पड़ता है। यह फिल्म उनके रिश्ते के एक खास दिल छू लेने वाली बॉन्डिंग पर भी रोशनी डालती है। मेहता बॉयज ने 15वें शिकागो साउथ एशियन फि ल्म फेस्टिवल में प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ फीचर फि ल्म का पुरस्कार जीता। बोमन ईरानी की निर्देशित इस फि ल्म को इसकी मजबूत कहानी और भावनात्मक अभिनय के लिए सराहा गया, जिसने दर्शकों और आलोचकों दोनों को ही प्रभावित किया है। प्रीमियर में फिल्म के कलाकार शामिल होंगे, जिसमें बोमन ईरानी भी शामिल हैं, जो अभिनेता, लेखक, निर्देशक और निमार्ता हैं। इसके अलावा लेखक अलेक्जेंडर दिनेलरिस जूनियर, अभिनेता अविनाश तिवारी, श्रेया चौधरी, पूजा सरूप और निमार्ता दानेश ईरानी भी मौजूद रहेंगे। क्लोजिंग सेरेमनी में बंदिश बैंडिट्स सीजन-2 टीम का म्यूजिकल परफॉर्मेंस कहानियों के जरिए भारत की सांस्कृतिक विविधता दिखाने के लिए मशहूर प्राइम वीडियो भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के क्लोजिंग सेरेमनी में एक रोमांचक जुगलबंदी पेश करेगा। इस परफॉर्मेंस में इसके आगामी म्यूज़िकल ड्रामा बंदिश बैंडिट्स सीजन-2 की टैलेंटेड टीम शामिल होगी। दर्शक संगीतकार निकिता गांधी, दिग्विजय सिंह परियार और मामे खान द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले खूबसूरत और दिल छू लेने वाले म्यूजिक को एंजॉय करेंगे। इस इवेंट में लीड कास्ट ऋत्विक भौमिक और श्रेया चौधरी, निमार्ता अमृतपाल सिंह बिंद्रा, निर्देशक आनंद तिवारी और प्राइम वीडियो, इंडिया में ओरिजिनल्स के प्रमुख निखिल मधोक भी शामिल होंगे। लाइव म्यूजिक के बाद, शो के बारे में एक रोमांचक खुलासा होगा। इसके अलावा 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' में प्राइम वीडियो 'भारतीय राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम' के फिल्म बाजार के नॉलेज सीरीज में भी हिस्सा लेगी। इसके अलावा, प्राइम वीडियो, इंडिया की डायरेक्टर एंड हेड शिलांगी मुखर्जी आईएफएफआई में एक स्पेशल इवेंट में दर्शकों को संबोधित करेंगी।










# अभिषेक बच्चन की बातें सुनकर भावुक हुए बिग बी




अभिषेक बच्चन शूजीत सरकार की आने वाली फिल्म 'आई वांट टू टॉक' में नजर आएंगे । वह हाल ही में 'कौन बनेगा करोड़पति' शो में शामिल हुए। इस बार उन्होंने अपने पिता के बारे में कुछ ऐसा कहा जिससे बिग बी भावुक हो गए। अमिताभ बच्चन 82 साल की उम्र में भी वह जिस तरह से काम कर रहे हैं वह वाकई सराहनीय है। अभिषेक भी एक पिता की इस तकलीफ से वाकिफ हैं जिसे उन्होंने शो में जाहिर किया है। केबीसी में अभिषेक बच्चन कहा, पा, मुझे नहीं पता ये बात कहने के लिए सही वक्त है या नहीं। मुझे उम्मीद है लोग इसे गलत नहीं समझेंगे। हम लोग यहां बैठे है, रात के 10 बज गए हैं, सुबह 6:30 बजे मेरे पिता घर से निकले थे ताकि सुबह 8-9 बजे हम आराम से जाग सकें। कोई ज्यादा बात नहीं करते हैं कि पिता अपने बच्चों के लिए क्या-क्या करते हैं क्योंकि वह चुपचाप करते हैं। यह सुनकर अमिताभ बच्चन काफी भावुक हो गए। 11 अक्टूबर को अमिताभ बच्चन ने अपना 82वां जन्मदिन मनाया। लेकिन उनका जोश, काम करने की गति युवाओं को भी शर्मसार कर देने वाली है। आज भी ये देखकर हैरानी होती है कि वो उसी एनर्जी के साथ केबीसी के सेट पर आते हैं। कुछ महीने पहले अमिताभ की 'कल्कि 2898 अऊं रिलीज हुई थी। इसमें उनकी एक्टिंग प्रभास से भी आगे निकल गई। अभिषेक की 'आई वांट टू टॉक' 22 नवंबर को रिलीज हो रही है।

# फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' ने चौथे दिन कमाए 1.45 करोड़




फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' रिलीज हो चुकी है और इसने भारत के इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना की कहानी से पूरे देश को चौंका दिया है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। प्रधानमंत्री और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री भी इसकी प्रशंसा कर चुके हैं। फिल्म ने चौथे दिन 1.45 करोड़ कमाये कमाए, जिससे अब तक इसकी कुल कमाई 9.5 करोड़ हो चुकी है। फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को देखने वालों की संख्या में सोमवार को वृद्धि हुई है। इससे पहले फिल्म ने शुक्रवार को 1.69 करोड़, शनिवार (दूसरे दिन) को 2.62 करोड़, रविवार तीसरे दिन को 3.74 करोड़ और सोमवार चौथे दिन को 1.45 करोड़ कमाए। बालाजी मोशन पिक्चर्स व बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन की प्रेजेंट 'द साबरमती रिपोर्ट' में विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं, जो धीरज सरना ने निर्देशित की है। शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन ने प्रोड्यूस की है। इस फिल्म को दुनियाभर में जी स्टूडियोज ने रिलीज किया है।

# 'मैं बाथरूम में रोता था', शाहरुख ने किया खुलासा



शाहरुख खान इस समय सफलता के शिखर पर हैं। साल 2023 उनके लिए बेहद खास रहा है अब वह आने वाली फिल्मों की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच 4 सालों में शाहरुख स्क्रीन से गायब रहे। उनकी पिछली कुछ फिल्में फ्लॉप रही थीं। साथ ही निजी जिंदगी में भी काफी कुछ हुआ। अब हाल ही में शाहरुख ने कमेंट किया है कि उन्हें असफलता का सामना कैसे करना पड़ता है। दुबई में ग्लोबल फ्रेट समिट में शाहरुख खान ने खुलासा किया, असफलता पर बोलते हुए उन्होंने कहा, ₹जब मैं असफल होता हूं तो मुझे बुरा लगता है। मैं बाथरूम जाता हूं और बहुत रोता हूं। लेकिन मैं इसे किसी को नहीं दिखाता। आप कुछ समय तक खुद पर तरस खा सकते हैं। और फिर आपको यह मानना ??होगा कि दुनिया आपके खिलाफ नहीं है। अगर आपकी फिल्म ने वैसा प्रदर्शन नहीं किया जैसा आपने सोचा था तो यह आपकी वजह से या किसी साजिश के कारण नहीं है। आपको यह मानना होगा कि आपने इसे बुरी तरह से बनाया है। फिर आपको आगे बढ़ना होगा। जीवन में मुश्किलें और असफलताएँ आती हैं, लेकिन यही क्षण हमें सिखाते हैं कि हमें निराशा से बाहर निकलकर आगे बढ़ना चाहिए। शाहरुख का यह कहना है कि किसी भी मुश्किल समय में, हमें खुद को संभालते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता है, क्योंकि दुनिया केवल हमारे खिलाफ नहीं होती। जीवन का एक हिस्सा यह है कि चीजें सही नहीं होतीं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम जीवन को दोषी ठहराएं या हार मान लें। हमें उन कठिनाइयों से सीखते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है।

# फीबा एशिया कप क्वालीफायर: नए कोच के नेतृत्व में भारत की नजरें कतर के खिलाफ जीत दर्ज करने पर

एजेंसी

**चेन्नई :** भारतीय पुरुष राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम शुक्रवार को यहां नेहरू इंडोर स्टेडियम में ग्रुप ई मैच में कतर का सामना करके अपने एफआईबीए एशिया कप 2025 क्वालीफायर अभियान को पुनर्जीवित करने की कोशिश करेगी। फरवरी में आयोजित क्वालीफायर के पहले दो मैचों में कजाकिस्तान और ईरान से लगातार हार के बाद भारत इस मुकाबले में उतरेगा। मई में टीम की कमान संभालने के बाद से यह हेड कोच स्कॉट फ्लेमिंग की पहली असली परीक्षा होगी। उन्होंने 2012-15 तक टीम को कोचिंग दी थी। अमेरिकी कोच ने सर्बियाई वेसलिन मैटिक की जगह ली है। फ्लेमिंग ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, ₹मैं इस टूनामेंट के पिछले मैचों में नहीं था। इसलिए, मेरे लिए, हम कतर के खिलाफ यहां शुरूआत कर रहे हैं और फिर हम वहां से आगे बढ़ेंगे। फीबा विश्व रैंकिंग में 76वें स्थान पर काबिज भारत क्वालीफिकेशन राउंड में पहली बार कम रैंकिंग वाली टीम का सामना करेगा। कतर, जिसका सामना उसने आखिरी बार 2015 में फीबा ??एशियाई चैम्पियनशिप में किया था, 101वें स्थान पर है। उन्होंने कहा, मैं पिछले कई महीनों से अपने खिलाड़ियों से बात कर रहा हूं। हम हर दिन अभ्यास करते हैं और अपने प्रतिद्वंद्वियों से अंतर कम करने की कोशिश करते हैं। घर पर खेलना शानदार है और अगर हम अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचते हैं, तो मुझे शुक्रवार की रात जो भी हो सकता है, वह पसंद आएगा। फ्लेमिंग के पिछले कार्यकाल के दौरान, भारत ने फीबा एशिया कप 2014 में एशियाई दिग्गज चीन के खिलाफ एक प्रसिद्ध जीत दर्ज की और 2014 लुसोफोनिया खेलों में टीम को स्वर्ण पदक भी दिलाया। उन्होंने कहा कि मई में उनके पदभार संभालने के बाद से, टीम ने कई शिविरों में भाग लिया है और यहां तक ??कि दुबई की दो एक्सपोजर यात्राएं भी पूरी की हैं, जहां उन्होंने शीर्ष स्तरीय क्लबों के खिलाफ खेला।



फ्लेमिंग ने कहा, 2013-14 में मेरे पास एक ऐसी टीम थी जिसके बारे में मुझे लगता था कि वह एशिया में किसी से भी मुकाबला कर सकती है। इसलिए, ऐसा किया जा सकता है और उस समय ऐसा करने में लगभग एक साल लग गया था और इस बार मुझे उम्मीद है कि यह समय और भी कम होगा। उन्होंने कहा, हर कोई सालों पहले चीन के खिलाफ मिली जीत के बारे में बात करता है, लेकिन मुझे सबसे ज्यादा लगता है कि हम सभी के साथ प्रतिस्पर्धी थे। अब हमारी टीम में बहुत प्रतिभा है। हमें बस इतना चाहिए कि वे एक साथ आएं और खेल की एक प्रणाली बनाएं। भारत वर्तमान में अपने ग्रुप में दो मैच खेलकर अंतिम स्थान पर है, कतर के साथ दो अंक बराबर हैं, जो तीसरे स्थान पर है। रैंकिंग में उनके बीच अंतर के बावजूद, कतर ने भारत पर बेहतर रिकॉर्ड का आनंद लिया है, उन्होंने अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत हासिल की है। शीर्ष दो टीमों को अगले साल सऊदी अरब में होने वाले टूनार्मेंट के फाइनल के लिए सीधे क्वालीफिकेशन मिलेगा।

# विश्व कप क्वालीफायर में जापान से हारा चीन

एजेंसी

**ज़ियामेन :** जापान ने मंगलवार को 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में चीन को 3-1 से हरा दिया। सितंबर में दोनों टीमों के बीच पहले चरण के मुकाबले में जापानी टीम ने चीन को 7-0 से हराया था। चीनी टीम ने मैच की शुरूआत बेहतरीन डिफेंस के साथ की। हालांकि 39वें मिनट में कोकी ओगावा ने कॉर्नर क्रॉस पर हेडर से गोल कर जापान को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में, जापान ने एक और कॉर्नर किक में अपनी बढ़त दोगुनी कर ली, जब को इटाकुरा का हेडर नेट में चला गया। दूसरे हाफ के तीसरे मिनट में लिन लियांगमिंग ने गोल कर चीन का खाता खोला और स्कोर 2-1 हो गया। हालांकि, जापानी टीम ने छह मिनट बाद ही घरेलू दर्शकों को शांत कर दिया, जब जुन्या इटो ने दाएं फ्लैंक में प्रवेश किया और ओगावा ने हेडर के जरिए अपना दूसरा गोल कर जापान को 3-1 से आगे कर दिया।



70वें मिनट में, वेई शिहाओ चीन के लिए गोल करने के करीब थे, लेकिन उनके शॉट को जापानी गोलकीपर जायन सुजुकी ने रोक दिया। अंतिम सीटी बजने तक जापान ने 3-1 की अपनी बढ़त बरकरार रखी और मैच अपने नाम किया। हार के बावजूद, चीनी टीम के मुख्य कोच ब्रैंको इवानकोविच ने कहा कि वह अपने खिलाड़ियों द्वारा मैदान पर दिखाए गए जुझारूपन से वास्तव में संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने खिलाड़ियों के बारे में खुश हूँ। एक मजबूत जापानी टीम के खिलाफ, वे सभी मैदान पर कड़ी टक्कर देते रहे और आगे की ओर दबाव बनाने के लिए बहादुर थे। हमने पहले कुछ सेट पीस डिफेंडिंग अभ्यास किए थे। एक सेकंड के ध्यान भटकने से परिणाम बदल गया। हम भविष्य में अपने सेट पीस डिफेंस में सुधार करेंगे और अपने खिलाड़ियों को मैदान पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में मदद करेंगे। जापान के कोच हाजीमे मोरियासु ने चीनी टीम की क्षमताओं की बहुत प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ₹यह हमारे पहले चरण के मैच की तुलना में पूरी तरह से अलग टीम है। चीनी कोच अपने खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करने के लिए बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। यह शुरू से ही एक कठिन खेल था। खेल में हमें लंबे समय तक पीछे धकेला गया, लेकिन हम सेट पीस से दो गोल करने में सफल रहे। कॉर्नर से पहला गोल मैच का बदलावकारी क्षण था।

# नडाल ने टेनिस से लिया संन्यास, कहा- खुशकिस्मत हूं कि अपने शौक को करियर में बदल सका

एजेंसी

**मलागा :** नीदरलैंड के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर डेविस कप मुकाबले के बाद पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने वाले दिग्गज स्पेनिश टेनिस स्टार राफेल नडाल ने कहा कि वह अपने शौक को एक शानदार करियर में बदलने के लिए बेहद भाग्यशाली हैं।

22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडाल का पेशेवर टेनिस सफर मंगलवार देर रात डेविस कप में नीदरलैंड के खिलाफ स्पेन के क्वार्टर फाइनल मैच के शुरूआती मुकाबले में बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प से 6-4, 6-4 से सीधे सेटों में हार के साथ समाप्त हो गया। इसके बाद युवा सनसनी कार्लोस अल्काराज ने टैलोन ग्रीक्सपूर के खिलाफ 7-6 (0), 6-3 से जीत के साथ स्कोरलाइन को बराबर कर दिया। लेकिन बाद में, अल्काराज और मार्सेल ग्रैनोलर्स को युगल निर्णायक मुकाबले में 7-6 (4), 7-6 (3) से हार का सामना करना पड़ा और नीदरलैंड अगले दौर में पहुंचा गया। एटीपी की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से मैच के बाद नडाल ने कहा, ₹मैं वह व्यक्ति हूं जिसे इतने सारे लोगों का आभारी होना चाहिए। यह जानना मुश्किल है कि कहां से शुरू करें। नडाल ने प्रशंसकों को उनके असाधारण समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, ₹स्पेन और सामान्य रूप से दुनिया में, मुझे इतना स्नेह पाकर बहुत सौभाग्यशाली महसूस हुआ है। नडाल ने विरोधियों के साथ-साथ अपने साथियों को भी बधाई देते हुए कहा, ₹मैं यहां मौजूद पूरी स्पेनिश टीम का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। आप सभी ने मुझे इस डेविस कप में खेलने का मौका दिया। यह वैसा नहीं हुआ जैसा हम चाहते थे, मैंने अपना सबकुछ दिया। मेरे करियर के कई सबसे भावनात्मक पल यहां मौजूद कई लोगों के साथ रहे हैं, यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान रहा है। हमने साथ मिलकर कई शानदार चीजें हासिल की हैं और अब समय आ गया है कि आप सभी उन्हें हासिल करते रहें। नडाल ने कहा कि एक खिलाड़ी नहीं चाहता कि रिटायरमेंट का यह पल आए, लेकिन उसका शरीर अब टेनिस नहीं खेलना चाहता। उन्होंने कहा, ₹आपको स्थिति को स्वीकार करना होगा, मैं बहुत खुशकिस्मत महसूस करता हूं। मैं अपने शौक में से एक को अपने करियर में बदलने में सक्षम रहा हूं, और यह मेरी कल्पना से कहीं ज्यादा लंबा था। मैं केवल जीवन का आभारी हो सकता हूं। उन्होंने प्रेस, टेनिस संस्थानों और बिरादरी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया, जिसने उन्हें आगे बढ़ने में मदद की और स्टैंड में मौजूद अपने परिवार और टीम के लिए एक विशेष संदेश भी दिया।



उन्होंने आंखों में आंसू भरकर कहा, मैं शांत हूं, क्योंकि मुझे ऐसी शिक्षा मिली है, जिससे मैं अपने नए जीवन को मन की शांति के साथ जी सकता हूं। मेरे आसपास एक अच्छा परिवार है, जो मेरी मदद करता है। बोटिक से हारने के बाद नडाल ने यह भी कहा कि यह उनके लिए एक भावनात्मक दिन था। उन्होंने कहा, ₹मुझे पता था कि यह एक पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में मेरा आखिरी मैच हो सकता है। इससे पहले के पल भावनात्मक थे, सामान्य तौर पर उन्हें संभालना थोड़ा मुश्किल था। बहुत सारी भावनाएँ थीं। मैंने इसे यथासंभव बेहतर तरीके से करने की कोशिश की। मैंने परिणाम चाहे जो भी हो, मैंने आवश्यक ऊर्जा के साथ, यथासंभव सर्वश्रेष्ठ रवैया रखने की कोशिश की। अंत में उम्मीद की एक किरण दिखी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। मेरा प्रतिद्वंद्वी आज मुझसे बेहतर था और बस यही बात है। जुलाई में नोवाक जोकोविच से हारने के बाद पेरिस ओलंपिक के दूसरे दौर के बाद से प्रतिस्पर्धी टेनिस नहीं खेलने वाले नडाल तब से कोर्ट पर अभ्यास कर रहे थे और अपने कप्तान डेविड फेरर के लिए खेलने में सक्षम महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा, ₹यह निर्णय लिया गया कि मैं खेलूंगा। हम जानते थे कि यह थोड़ा जोखिम भरा निर्णय था।

# केदार मद्महेश्वर के कपाट शीतकाल के लिए बंद



**रुद्रप्रयाग/ उखीमठ/ मद्महेश्वर :** पंचकेदारों में प्रतिष्ठित द्वितीय केदार श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट आज प्रातः शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से शीतकाल के लिए बंद हो गए। इस अवसर पर 250 से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे। इसी के साथ भगवान मद्महेश्वर की उत्सव डोली और देव निशानों ने स्थानीय वाद्ययंत्रों ढोल-दमाऊं प्रथम पड़ाव गौंडार के लिए प्रस्थान किया। कपाट बंद से एक दिन पहले मंदिर में यज्ञ-हवन किया गया। आज प्रातः साढ़े चार बजे मंदिर खुला और प्रातःकालीन पूजा के पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान मद्महेश्वर के दर्शन किए। इसके बाद गर्भगृह में कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। भगवान मद्महेश्वर के स्वयंभू शिवलिंग को शृंगार रूप से समाधि स्वरूप में ले जाया गया। शिवलिंग को स्थानीय पुष्पों, फल पुष्पों, अक्षत से ढक दिया गया। इसके बाद पुजारी टी गंगाधर लिंग ने प्रभारी अधिकारी यदुवीर पुष्पवान उपस्थिति में शुभ मुहूर्त में मंदिर के कपाट बंद किए।

इसके बाद मंदिर की परिक्रमा की गई। भगवान मद्महेश्वर की डोली ने पुरातन बर्तन व सामग्री का निरीक्षण किया। फिर हक-हकूकधारी भगवान मद्महेश्वर की चल विग्रह डोली के साथ प्रस्थान किया। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय और उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने कपाट बंद होने के अवसर के साक्षी बने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए प्रसन्नता जताई है। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया 18 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने भगवान मद्महेश्वर के दर्शन किए। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि चल विग्रह डोली रात्रि विश्राम के गौंडार पहुंचेगी। डोली 21 नवंबर को राकेश्वरी मंदिर में और 22 नवंबर को गिरिया में प्रवास करेगी। 23 नवंबर को गिरिया से चलकर भगवान मद्महेश्वर की चल-विग्रह डोली अपने देव निशानों के साथ शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में विराजमान हो जाएगी। इसी के साथ ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में भगवान मद्महेश्वर की शीतकालीन पूजा शुरू हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि 23 नवंबर को मुख्य रूप से मद्महेश्वर मेला भी आयोजित होता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान मद्महेश्वर के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। प्रभारी अधिकारी यदुवीर पुष्पवान और ओंकारेश्वर मंदिर प्रभारी रमेश नेगी ने बताया कि मद्महेश्वर मेले के लिए ओंकारेश्वर मंदिर मंदिर उखीमठ को फूलों से सजाया जा रहा है।

## केदारनाथ विस सीट पर उपचुनाव के लिए शांतिपूर्ण मतदान शुरू

**देहरादून :** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जनपद की केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए आज सुबह आठ बजे शांतिपूर्ण ढंग से मतदान शुरू हो गया। शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदाताओं में वोटिंग को लेकर काफी उत्साह है। मतदान को लेकर कड़े सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं। कुल 90 हजार 875 मतदाता ( 44919 पुरुष और 45956 महिला) छह उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा की आशा नौटियाल और कांग्रेस के पूर्व विधायक मनोज रावत के बीच माना जा रहा है। उत्तराखंड क्रांति दल के डॉ. आशुतोष भंडारी के अलावा तीन अन्य उम्मीदवार आरपी सिंह, त्रिभुवन सिंह चौहान और प्रदीप रोशन रुड़िया निर्दलीय चुनाव मैदान में है। उपचुनाव के लिए 173 पोलिंग बूथों में से 130 पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। विधानसभा क्षेत्र को दो जोन और 27 सेक्टर में बांटा गया है। मतदान के दौरान शांति व्यवस्था के लिए पुलिस, पीआरडी, होमगार्ड के सात सौ से अधिक जवान तैनात किए गए हैं। इसके अलावा पीएसी और अर्द्धसैनिक बलों की चार कंपनियां तैनात की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देश पर



75 फीसदी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। सीसीटीवी से वेबकास्टिंग के जरिए लगातार मतदान केंद्र की निगरानी जिला एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय सहित इलेक्शन कमीशन से होती रहेगी। अब तक के चुनाव में विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के सापेक्ष 50 फीसदी केन्द्रों पर ही सीसीटीवी लगाए जाते थे। यह पहली बार है जब किसी विधानसभा के 75 फीसदी बूथों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में इस्तेमाल हो रही 205 गाड़ियों में जीपीएस भी इंस्टॉल किया गया है। ताकि गाड़ियों की गतिविधियों पर पूरी नजर रखी जा सके। मुख्य निर्वाचन कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में वेबकास्टिंग एवं जीपीएस की मॉनिटरिंग के कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। संबधित नोडल अधिकारी इसकी पूरी निगरानी करेंगे। यह सीट भाजपा विधायक शैलारानी रावत का नौ जुलाई को निधन होने से खाली हुई थी।

## डॉ. भागवत समेत संघ के पदाधिकारियों ने किया मतदान



**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि प्रजातंत्र में मताधिकार का प्रयोग हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी का अपने मताधिकार का प्रयोग करना जरूरी है। नागपुर में मतदान करने के बाद उन्होंने सभी मतदाताओं से मतदान की अपील की। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए बुधवार को मतदान हो रहा है। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने सुबह मध्य-नागपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान किया।इस सीट पर भाजपा के प्रवीण दटके और कांग्रेस के बंटी शेलके के बीच सीधी टक्कर है।संघचालक उत्तरांचल के दौरे पर थे। चुनाव के चलते अपने निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले मंगलवार रात सरसंघचालक नागपुर पहुंचे। आज सुबह स्थानीय भाऊजी दप्तरी पाठशाला मतदान केंद्र में उन्होंने वोट डाला। सरसंघचालक के साथ पूर्व सरकार्यवाह तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश उपाख्य भैय्याजी जोशी, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर, अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख सुनील देशपांडे तथा संघ के अन्य प्रमुख पदाधिकारियों ने भी मतदान किया।

## छत्तीसगढ़ : सरगुजा संभाग के पांच जिलों में शीतलहर के हालात , येलो अलर्ट जारी

एजेंसी

**रायपुर :** मौसम विभाग द्वारा अगले चौबीस घंटे के लिए छत्तीसगढ़ में सरगुजा संभाग के बलरामपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़ -चिरमिरी, भरतपुर, सूरजपुर तथा सरगुजा जिलों में शीतलहर के हालात रहने का येलो अलर्ट जारी किया है।पिछले चौबीस घंटे में वहां के रात के तापमान में काफी गिरावट आई है । नवंबर में पिछले दस साल में पहली बार अंबिकापुर का पारा सामान्य से 4.5 डिग्री कम हुआ है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का न्यूनतम तापमान 16.2 तथा अंबिकापुर का 8.8 डिग्री रिकार्ड किया गया है।सरगुजा संभाग में खासकर ?मैनपाट, सामरी के क्षेत्र में पिछले चार दिनों से ठिठुरा देने वाली ठंडी पड़ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक ठंड का सिलसिला अभी दो दिन और बढ़ने के



आसार हैं। उत्तर की सूखी हवा के प्रभाव से सरगुजा संभाग ठंड की चपेट में आ चुका है। मौसम विशेषज्ञ एच पी चंद्रा का कहना है कि सरगुजा में नवंबर में ठंड बढ़ती है। मगर शीतलहर की स्थिति दस साल में पहली बार हुई है। वहां के सीमावर्ती इलाकों में रात की ठंड से लोगों की हालत खराब होने लगी है।छत्तीसगढ़ में उत?तर-पूर्व से ठंडी हवा आ रही है। इससे प्रदेश में रात के तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। इतना ही नहीं उत?तरी हवाओं का असर सबसे ज?यादा उत्तरी छत्तीसगढ़ में दिखाई दे रहा है। इसी के चलते सरगुजा संभाग के जिलों में रात के तापमान में गिरावट होने लगी है बस्तर में भी तापमान सामान्य से नीचे जा चुका है और वहां भी ठंड की शुरूआत हो चुकी है। सुबह देर से होने की वजह से गर्माहट नहीं बढ़ पा रही है और दिन का तापमान भी सामान्य की स्थिति से अधिक नहीं जा पा रहा है। रायपुर में आज सुबह से ही ठण्ड पड़ रही है। अगले चौबीस घंटे में उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवा का आगमन जारी रहने की वजह से न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट बनी रहेगी।

## दिल्ली सरकार के दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम का निर्णय

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लगातार दूषित हो रही हवा ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। इससे दिल्ली सरकार के हाथ-पांव फूले हुए हैं। तमाम तरह के प्रतिबंध लागू हैं। अब दिल्ली सरकार ने सरकारी दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम का निर्णय लिया है। दिल्ली के पर्यावरणमंत्री गोपाल राय ने एक्स पर आज लिखा, " प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार ने सरकारी दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम का लिया निर्णय। 50 प्रतिशत कर्मचारी करेंगे घर से काम। इसके इम्पलिमेंटेशन के लिए सचिवालय में आज दोपहर 1 बजे अधिकारियों के साथ होगी बैठक। "इससे पहले गोपाल राय ने मंगलवार को केंद्रीय पर्यावरणमंत्री भूपेंद्र यादव को चिट्ठी लिखी थी। राय ने कहा था कि एक्सपर्ट से चर्चा के बाद यह बात सामने आई है कि अब वह समय आ गया है कि यदि हमें इस स्माग की चादर को तोड़ना है तो हमें कृत्रिम वर्षा करवानी पड़ेगी।

## फारबिसगंज में कारतूस के साथ तीन युवक गिरफ्तार

एजेंसी

**फारबिसगंज/अररिया :।** फारबिसगंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आलम टोला रोड में अली टोला के समीप स्थित एक लॉज में छापामारी कर तीन युवकों को एक पिस्टल, दो मैगजीन, चार जिंदा कारतूस व तीन मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों युवकों से आदर्श थाना फारबिसगंज के परिसर में एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा व थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने गहन पूछताछ की। पूछताछ के बाद एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि लॉज से पिस्टल, दो मैगजीन व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार तीनों युवकों का नाम मो राशिद पिता मो खुर्शीद आलम ट्रेनिंग स्कूल चौक वार्ड संख्या 22 फारबिसगंज निवासी व मो इम्तियाज, पिता मो कैय्युम बेलई पोठिया वार्ड संख्या 04 फारबिसगंज निवासी व मो सलमान पिता मो शहनवाज साकिन आलम टोला वार्ड संख्या 22 फारबिसगंज निवासी बताया जाता है। एसडीपीओ ने आगे जानकारी देते बताया कि एसपी से प्राप्त आदेश के आलोक में अवैध हथियार व मादक पदार्थ के विरुद्ध उनके नेतृत्व में अनुमंडल क्षेत्र में विशेष समकालीन अभियान चलाया गया था। फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया की गुप्त सूचना मिली कि शहर के आलम टोला रोड अली टोला के समीप एक लॉज में भारी मात्रा में अवैध हथियार की खरीद बिक्री की जा रही है. एसडीपीओ ने बताया कि उक्त सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया. छापेमारी दल ने उक्त लॉज में छापामारी कर उक्त तीनों युवकों को उक्त अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया. एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने बताया कि अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार तीनों युवकों ने पूछताछ के दौरान में उक्त पिस्टल के खरीदे जाने से लेकर फारबिसगंज में अभी तक बेचे जाने तक में कई बड़े खुलासा किए है। इस संदर्भ में साक्ष्य संकलन कर एसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम के द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि हथियार तस्कर गिरोह का कनेक्शन अन्य थाना क्षेत्र के साथ साथ सीमावर्ती जिला से भी है। उन्होंने और बताया कि अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार तीनों युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अररिया न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य की तबीयत बिगड़ी, एयरलिफ्ट कर लाए गए देहरादून

**देहरादून :** जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य की तबीयत मंगलवार शाम अचानक बिगड़ जाने पर उन्हें प्रयागराज से एयरलिफ्ट कर देहरादून लाया गया। उन्हें देहरादून के सिनर्जी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों की टीम उनका इलाज कर रही है। स्वामी रामभद्राचार्य का चार वर्ष पूर्व ओपन हार्ट सर्जरी हो चुकी है। सिनर्जी अस्पताल के एमडी कमल गर्ग ने बताया कि मौसम के बदलाव के कारण उन्हें सर्दी-जुखाम की शिकायत थी। चिकित्सकों की टीम उनके स्वास्थ्य की देखभाल कर रही है। हालत सामान्य है। मंगलवार शाम उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। स्वास्थ्य बेहतर होने पर ही उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया जाएगा। हालांकि अभी सप्ताह भर यानी शनिवार तक उन्हें अस्पताल में ही रखा जाएगा। इससे पहले भी उन्हें श्वांस लेने की दिक्कत होने पर सिनर्जी अस्पताल लाया गया था, तब स्वास्थ्य ठीक होने पर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था।

## मप्र की ऐतिहासिक इमारतें विश्व बाल दिवस पर नीली रोशनी से होंगी जगमग

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश की सभी ऐतिहासिक इमारतें आज विश्व बाल दिवस के अवसर पर नीली रोशनी से जगमग होंगी। बाल अधिकारों के मुद्दे पर जागरुकता बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक इमारतें अंतरराष्ट्रीय संस्था यूनिसेफ की ब्लू थीम में रंगी नजर आएंगी। इसे लेकर यूनिसेफ ने मध्य प्रदेश के पर्यटन विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के साथ साझेदारी की है। गौरतलब है कि हर साल 20 नवंबर को विश्व बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व बाल



दिवस मनाने की शुरूआत 1954 से हुई। पहली बार यूनिवर्सल बाल दिवस 20 नवंबर 1954 को मनाया गया। इसके बाद से यह दिन बाल दिवस के लिए निर्धारित हो गया और प्रतिवर्ष इस दिन यूनिवर्सल बाल दिवस मनाया जाने लगा। यूनिसेफ, नागरिक संस्था संगठन (सीएसओ) इस दिन और सप्ताह को बाल अधिकार सप्ताह के रूप में मनाते हैं। विश्व बाल दिवस पर दुनियाभर में स्कूल और ऐतिहासिक इमारतों को नीले रंग की रोशनी से सजाया जाता है। यूनिसेफ की वेबसाइट के अनुसार, नीले रंग से रोशन की गई ऐतिहासिक इमारतों में भारत का राष्ट्रपति भवन, ग्रीस का एक्रोपोलिस, एम्पायर स्टेट बिल्डिंग (न्यूयॉर्क), अल नूर मस्जिद (न्यूजीलैंड), बेल्जियम में यूरोपीय संसद, शंघाई टॉवर (चीन), इथियोपिया में हाउस ऑफ पीपुल्स रिप्रेजेंटेटिव्स आदि शामिल हैं। यूनिसेफ मध्य प्रदेश के संचार विशेषज्ञ अनिल गुलाटी ने बताया कि सर्वत्र नीला विश्व बाल दिवस की एक थीम है, जिसक अर्थ बाल अधिकारों के लिए खड़ा होना है। विश्व बाल दिवस पर सर्वत्र नीला यूनिसेफ के बाल-अधिकारों के लिए खड़े होने के संकल्प का प्रतीक है। यूनिसेफ और बाल-अधिकारों के समर्थन में मध्य प्रदेश की इमारतों को नीले रंग में रंगा गया है। इस दिन नीले रंग की रोशनी से भारत का राष्ट्रपति भवन भी जगमगाता है।

उन्होंने बताया कि विश्व बाल दिवस के अवसर पर यूनिसेफ का ह्लगो ब्ल्यूह्व अभियान लोगों को नीला पहनने, अपनी ऑनलाइन प्रोफाइल बदलने और बच्चों के अधिकारों के समर्थन में याचिका पर हस्ताक्षर करने के लिए प्रेरित करता है। यह अभियान एक ऐसी दुनिया की मांग करता है, जहां हर बच्चा सुरक्षित और समर्थित हो, और अपने दैनिक जीवन में नीले रंग को शामिल करे।

विश्व बाल दिवस के उपलक्ष्य में भोपाल में जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी का पिरामिड नीला किया गया है। वहीं, धार जिले के मांडू में जहाज महल (शिप पैलेस) को भी नीले रंग से रोशन किया गया है। इसके अलावा भोपाल का रानी कमलापति स्टेशन, कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग की सभी संपत्तियां और एएसआई के विरासत स्थल भी नीले रंग से जगमग नजर आएंगे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### ऑडियो टेप पर महाविकास आघाड़ी व कांग्रेस को स्पष्टीकरण देना चाहिए: भाजपा



**नई दिल्ली :** महाराष्ट्र में आज 288 विधानसभा सीटों के लिए मतदान हो रही है। इस बीच भाजपा ने आरोप लगा या है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में विपक्ष बिटकॉइन घोटाले के पैसे का इस्तेमाल कर रहा है। भाजपा ने कहा कि सुप्रिया सुले और नाना पटोले के ऑडियो टेप पर महा विकास आघाड़ी और कांग्रेस को स्पष्टीकरण देना चाहिए। भाजपा मुख्यालय में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने कहा कि सुप्रिया सुले के ऐसे 4 ऑडियो सामने आए हैं। आज सुप्रिया सुले कह रही हैं कि ये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जनरेट किया गया है। वे इस टेप की आवाज को अपनी नहीं मान रही, जबकि उनके अपने भाई कह रहे हैं कि यह उनकी ही आवाज है। उन्होंने कहा कि ऑडियो टेप में साफ तौर पर सुन सकते हैं कि सुप्रिया सुले क्या निर्देश दे रही हैं और सिर्फ सुप्रिया सुले ही नहीं, नाना पटोले को भी सुन सकते हैं कि वह किस तरह कमिश्नर अमिताभ गुप्ता को निर्देश दे रहे हैं। संबित पात्रा ने कहा कि जिस तरह से कथित तौर पर ये चीजें हो रही हैं और इसमें करोड़ों रुपये शामिल हैं, हम चाहते हैं कि राहुल गांधी इस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करें और अपनी तरफ से स्पष्टीकरण भी दें कि क्या उन्होंने निर्देश नहीं दिए थे नाना पटोले को? सुप्रिया सुले को? ये 235 करोड़ रुपये का लेन-देन दुबई से हो रहा है, इसके पीछे की हकीकत क्या है? कांग्रेस को लोगों जवाब देना चाहिए। इससे पहले मंगलवार रात भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने डीलर, अमिताभ गुप्ता, सुप्रिया सुले, नाना पटोले की बातचीत का ऑडियो शेयर किया। उन्होंने पूछा- डीलर जिनकी बात कर रहा है, वे बड़े लोग कौन हैं? उल्लेखनीय है कि पुणे के पूर्व आईपीएस अधिकारी रवींद्र नाथ पाटिल ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बिटकॉइन घोटाले का पैसा इस्तेमाल हो रहा है।

### दिल्ली की हवा में मामूली सुधार, एक्यूआई 422 दर्ज

**नई दिल्ली :** दिल्ली की हवा में कल के मुकाबले बुधवार को मामूली सुधार हुआ है। हालांकि दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक अब भी गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। बुधवार को दिल्ली का औसत एक्यूआई 422 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक वजीरपुर में 464, मुंडका में 462, द्वारका में 400 एक्यूआई दर्ज किया गया । चांदनी चौक में 388, लोधी रोड में 375 के आसपास एक्यूआई दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि एक्यूआई 0 से 50 के बीच 'अच्छा' माना जाता है। वहीं, 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम' और 201 से 300 के बीच 'खराब' माना जाता है। अगर एक्यूआई 301 से 400 के बीच है तो इसे 'बेहद खराब' की श्रेणी में माना जाता है। वहीं 401 से 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' माना जाता है।

### पंजाब के डेरा बाबा नानक में मतदान के दौरान कांग्रेस और आआपा समर्थकों के बीच झड़प

**चंडीगढ़ :** पंजाब के चार विधानसभा क्षेत्रों में आज हो रहे उपचुनाव में मतदान के दौरान डेरा बाबा नानक में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आआपा) समर्थकों के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने पहुंचकर स्थिति संभाली। कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने आरोप लगाया है कि पंजाब की आआपा सरकार गुंडागर्दी कर रही है। राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया कि सुबह नौ बजे तक चब्बेवाल विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम मतदान हुआ। अभी तक चार सीटों पर औसतन 8.53 फीसदी मतदान हुआ। राज्य की सबसे चर्चित सीट गिद्दड़बाहा में सबसे अधिक 15.11 प्रतिशत मतदान हुआ है। डेरा बाबा नानक में 9.70 प्रतिशत, बरनाला में 6.80 और चब्बेवाल में 4.15 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथ का किया निरीक्षण, मतदाताओं से मतदान की अपील

**रुद्रप्रयाग :** जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने विकास खंड अगस्त्यमुनि के राजकीय प्राथमिक विद्यालय चमेली एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि महिला पिंक बूथ का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने उप निर्वाचन के महापर्व को लेकर सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी गहरवार ने बताया कि विधानसभा के अंतर्गत 04 ऐसे मतदान केंद्र तैयार किए गए हैं जिनमें दिव्यांग, महिला बूथ, युवा एवं यूनिक बूथ शामिल हैं। साथ ही कुछ ऐसे मतदान बूथ हैं जो दूरस्थ स्थान पर हैं उन्हें भी विकसित किया गया है ताकि लोगों को उनके मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए जागरूक किया जा सके।

### बिहार सरकार जमीन सर्वे को लेकर अगली कैबिनेट की बैठक में लायेगी नया कानून

**पटना :** बिहार में फिलहाल स्थगित किया गया जमीन सर्वे का काम करोड़ो लोगों को भारी परेशानी में डाल चुका है। इसे लेकर नीतीश सरकार ने फिर से अपना रुख बदला है। अब जमीन सर्वे के तौर-तरीके में सुधार के लिए नया कानून बनाया जायेगा। कैबिनेट की अगली बैठक में सरकार नये सिरे से जमीन सर्वे के नियम-कानून पर चर्चा कर उसे पास करेगी। जमीन सर्वे को लेकर लोगों में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए नीतीश सरकार ने बीते सितम्बर माह में सर्वे पर तत्काल रोक लगाने का फैसला लिया था और सर्वे का टाइम भी बढ़ा दिया था लेकिन अब नये सिरे से कानून बनाकर उसी मुताबिक जमीन सर्वे कराने का फैसला लिया गया है। सरकार कह रही है कि इस बार ऐसा कानून बनाने जा रही है जिससे लोगों को परेशानी नहीं होगी। बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने इसकी जानकारी दी है। दिलीप जायसवाल ने भागलपुर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जमीन सर्वे की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए राज्य सरकार नया कानून लाने वाली है। मंत्री दिलीप जायसवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मौजूदा भूमि सर्वे को लेकर कई तरह की भ्रांतियां फैली हैं, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण ही सरकार ने सर्वे पर रोक लगाते हुए इसकी अवधि बढ़ाई थी। मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार सरकार कैबिनेट की अगली बैठक में जमीन सर्वे से संबंधित नया कानून बनाने का एक प्रस्ताव ला रही है। इस कानून से लोगों को अपनी भूमि के सर्वे कराने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। सरकार लोगों की सारी परेशानी और समस्याओं को दूर कर देगी।मंत्री ने कहा कि जमीन विवाद को कम करने के लिए राज्य के सभी राजस्व अधिकारियों को सीधे तौर पर हिदायत दी गई है कि वे लंबित मामलों का निपटारा न्याय के साथ निर्धारित अवधि के भीतर करें। इसके लिए एक महीने का समय दिया गया है। अधिकारियों को कहा गया है कि वे जल्दबाजी में किसी मामले को रद्द नहीं करें। जिस अंचल के भूमि विवाद के मामले ज्यादा समय तक लंबित रहेंगे, वहां के राजस्व पदाधिकारी दंडित किए जाएंगे। मंत्री ने दावा किया कि भूमि विवाद की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए राज्य सरकार हरसंभव कोशिश कर रही है।

न्यूज ब्रीफ



## हाथियों के झुंड ने दो घर को किया क्षतिग्रस्त

**गोईलकेरा:** खेतों में धान के फसल पकने के साथ ही जंगलों से हाथियों का झुंड अब गांव में आने लगा है। सोमवार देर रात हाथियों के झुंड ने गोईलकेरा प्रखंड की कायदा पंचायत के कायदा गांव में एक व्यक्ति के दो मिट्टी के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया, साथ ही खलिहान में रखी फसल को भी नुकसान पहुंचाया। घर के सदस्यों ने किसी तरह भागकर बचाई जानः बताया जाता है कि कायदा गांव निवासी राज चेरवा सोमवार देर रात अपने परिवार के सदस्यों के साथ घर में सोए हुए थे। इसी बीच देर रात कुछ जंगली हाथी उसके घर के बाहर जमा हो गए। घर के बाहर हाथियों के आने के कारण घर में मौजूद सभी सदस्य किसी तरह घर से बाहर निकले और अपनी जान बचाई। इस दौरान हाथियों ने राज चेरवा के दो घर की दीवार को तोड़ डाला। देर रात ग्रामीणों ने हाथियों के झुंड को जंगल की ओर खदेड़ा। मंगलवार सुबह राज चेरवा ने इसकी सूचना पंचायत प्रतिनिधियों को दी। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजा की गुहार लगाई है।

## संत जेवियर्स हाई स्कूल लुपुंगुटू में प्रथम फादर जॉन डेनी मेमोरियल कराटे टूर्नामेंट संपन्न



**चाईबासा:** प्रथम फादर जॉन डेनी मेमोरियल कराटे टूर्नामेंट संत जेवियर हाई स्कूल एंड इंटर कॉलेज लुपुंगुटू में सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। इस प्रतियोगिता का आयोजन संत जेवियर हाई स्कूल लुपुंगुटू द्वारा एवं संचालन स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन ऑफ वेस्ट सिंहभूम द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता में काता और कुमीते दो इवेंटः इस प्रतियोगिता में स्कूल में चल रहे कराटे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में काता और कुमीते दो इवेंट रखा गया। फर्स्ट इवेंट काता और कुमीते व्हाइट बेल्ट से लेकर येलो बेल्ट तक बॉयज एवं गर्ल्स के लिए दूसरा इवेंट काता और कुमीते ग्रीन बेल्ट से लेकर ब्लैक बेल्ट तक बॉयज एवं गर्ल्स के लिए हुआ।

अतिथ और जजः कराटे प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि फादर अजीत बहला प्रधानाध्यापक लोयोला स्कूल भुवनेश्वर उड़ीसा, साथ ही साथ विशिष्ट अतिथि में फादर किशोर लुगुन प्रधानाध्यापक संत जेवियर उच्च विद्यालय लुपुंगुटू एवं फादर अनसेल्म डुंगडुंग ये ।स संत जेवियर इंटर कॉलेज लुपुंगुटू, सेंसाई पंकज कुमार सिंह अध्यक्ष स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ वेस्ट सिंहभूम उपस्थित हुए कराटे प्रतियोगिता को सफल बनाने में जज और रेफरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जज एवं रेफरी में सेंसाई निरंजन कुमार दास, सेंसाई मानसिंह बांनरा, सेंसाई देव आशिष प्रसाद खनडाईत, सेंपाई रघुनाथ गोप, सेंपाई ऋतिक देवगम, सेंपाई मनजीत सिंह बोयपाई, सेंपाई राजा घोष, सेंपाई गणेश सोय, सेंपाई अंशु विश्वकर्मा, सेंपाई साहिल पासवान, सेंपाई प्रीशु राठौर, सेंपाई हिमांशु बीरूवा एवं प्रेरित का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**प्रतियोगिता का परिणाम :** इस प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार है। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं में काजल दास , अनिष्का पूर्ति, अरमान जामुंदा, कृष्णा शुंडी, जेनिथ गुड़िया, अनारा मांझी एवं प्रेम बिरूवा। रजतपदक प्राप्त करने वालों में जेनिद गुड़िया, अनारा मांझी, सावन कुमार मोहंती, रंजीत महतो, श्रेयसी कुनकंल, दिया प्रिया, सवैंया राहुल लियांगी एवं बुधन सिंह तीयू कांस्य पदक प्राप्त करने वालों में स्वरूप रानी बिरूवा, श्रेयसी कुंकल, दिया प्रिया, जेनीथ गुड़िया, बुधन सिंह तियू, प्रेम बिरूवा, ओसियन दीप लागुरी, राहुल लियांगी, सलोमी मुंडरी, काजल दास, कशिश देवगम, अनिष्का पूर्ति, ओसियन दीप लागुरी, रंजीत महतो, अमित कुमार बारिक एवं अरमान जामुदा थे।

## डीआईजी कार्मिक के सार्थक प्रयास से लंबित मामलों का हुआ निष्पादन

बिनय मिश्रा



**झारखण्ड** के कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम के सार्थक पहल और प्रयास से वर्षों से चले आ रहे लम्बित मामलों का नष्पादन हुआ जो निश्चित तौर पर सराहनीय के साथ-साथ उपलब्धि भरा कार्य है। श्री आलम की यह उपलब्धि रही है कि 1 जनवरी 2024 को कार्मिक डीआईजी के रूप में योगदान देने के बाद से निरंतर कई उपलब्धि भरे कार्यों का निस्पादन कर कार्मिक विभाग के प्रति शाख और विश्वास दोनों बढ़ाया है। महज ग्यारह माह के कार्यकाल में ही श्री आलम के द्वारा अबतक उपलब्धि भरे कार्य यह बताने के लिए काफी है कि श्री आलम के पदस्थापनाकाल के बाद से कार्मिक विभाग में कार्यों का निष्पादन काफी तेजी के साथ हुआ है। इसी क्रम में पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों/सेवानिवृत तथा मृत को एसीपी/एमएसीपी जो काफी समय से लम्बित था उसके भुगतान हेतु डीआईजी कार्मिक के द्वारा सार्थक पहल करते हुए उनकी अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक में लगभग 850 पुलिस अधिकारियों/पुलिस कर्मियों/सेवानिवृत तथा मृत को एसीपी/एमएसीपी लाभ हेतु गृह विभाग के कार्यालय को फाईल भेज दिया गया है जो काफी उपलब्धि भरा और सराहनीय है। इस पुनित कार्य के लिए झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन के तरफ से उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि काफी समय से इस लम्बित मामले का निष्पादन कर डीआईजी कार्मिक ने एक एतिहासिक कार्य किया है।

### गांडेय में वोटिंग के बीच गिरिडीह में बोलीं कल्पना सोरेन

# अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें

मेट्रो रेज



**रांची/ गिरीडीहः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने बुधवार को विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण की वोटिंग के बीच एक बयान दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के टिकट पर गांडेय से चुनाव लड़ रहीं कल्पना सोरेन ने कहा, मैं खुद गांडेय जा रही हूं।

मतदान के अधिकार का इस्तेमाल जरूर करें : कल्पना सोरेन ने कहा, मैं लोगों से अपील करूंगी कि वे मतदान जरूर करें। झारखंड के सभी लोगों से चाहे वो पुरुष हों, महिला हों, युवा हों, बुजुर्ग हों, सभी को अपने घर से बाहर आना चाहिए। अपना वोट जरूर डालना चाहिए। ये उनका अधिकार है और इस अधिकार का इस्तेमाल सभी को करना चाहिए।

**गांडेय के विकास के लिए 5 साल मेहनत करूंगी :** कल्पना सोरेन ने विश्वास जताया कि एक बार फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा और उसके सहयोगी दलों की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि मेरी जीत होगी। मैंने गांडेय की जनता के लिए काफी काम किया है। मैंने वहां बहुत मेहनत की है। अगले 5 साल भी मैं इतनी ही मेहनत करूंगी। क्षेत्र का विकास करूंगी।

**जनता हमारे पक्ष में करेगी मतदान :** कल्पना सोरेन झामुमो विधायक ने कहा कि झारखंड की जनता हेमंत सोरेन और महागठबंधन के पक्ष में मतदान कर रही है। उन्होंने कहा, ह्यहमें पूरा विश्वास है कि झारखंड में एक बार फिर हमारी सरकार बनेगी। महागठबंधन की हेमंत सोरेन सरकार ने जो विकास कार्य शुरू किए हैं, उसे आगे बढ़ाने के लिए जनता हमारे पक्ष में मतदान करेगी।

### विधान सभा चुनाव 2024

## बाघमारा में उम्मीदवार की पर्ची जलाई, भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशियों के समर्थकों में झड़प

मेट्रो रेज



**बाघमारा (धनबाद):** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में मतदान के दौरान धनबाद जिले की बाघमारा विधानसभा सीट पर तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया है। दो प्रत्याशियों के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करवाया। इसके पहले बेहराकुदर में भी दो पक्षों में पर्ची को लेकर विवाद हो गया था। ऑब्जर्वर और डीएसपी ने हंगामा कर रहे राजनीतिक दलों के समर्थकों को खदेड़ दिया।

भाजपा समर्थकों ने निर्दलीय प्रत्याशी की पर्ची जलाईः बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को वोटिंग के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव के समर्थक पर्ची बांट रहे थे। उनकी पर्ची पर उम्मीदवार का फोटो छपा था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थकों ने इसका विरोध किया। भाजपा समर्थकों ने रोहित यादव की पर्ची को जला दिया। इसकी वजह से स्थिति कुछ देर तक तनावपूर्ण हो गई। हालांकि, पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया।

नियम हाई स्कूल मैदान में पुलिस बल तैनातः निर्दलीय उम्मीदवार की पर्ची को जलाए जाने के बाद नियम हाई स्कूल मैदान में भाजपा समर्थकों एवं निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव के समर्थकों के बीच तनातनी का माहौल हो गया। समर्थकों के बीच झड़प भी हुई। सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निबटने के लिए पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। झारखंड में दूसरे चरण में 12 जिलों की 38 सीटों पर विधानसभा चुनाव हो रहे हैं।

रोहित यादव ने धनबाद सांसद और शरद यादव पर लगाए आरोपः बाघमारा के निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव ने धनबाद के सांसद ढुलू महतो और भाजपा प्रत्याशी शरद महतो पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा है कि शरद महतो अपनी हार देखकर गुंडागर्दी पर उतारू हो गये हैं। जनता इसका जवाब वोट से दे रही है।

## अपनी जीत के प्रति आश्वस्त हैं चक्रधरपुर विस क्षेत्र 56 से निर्दलीय प्रत्याशी डॉ विजय गागराई

### जीत का अंतर बताया पच्चीस हजार से अधिक



मेट्रो रेज

**रांची:**चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से शिक्षाविद् और सामाजिक संस्था पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ विजय गागराई निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करायी है। बन्दगांव प्रखण्ड अन्तर्गत ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में उनकी दमदार उपस्थिति राजनीतिक प्रेक्षकों को भी चौंकाया है। वहीं चक्रधरपुर प्रखण्ड एवं चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र में भी उनकी उपस्थिति राजनीतिक सरगर्मी को तेज कर दी है। इसकी प्रमुख वजह यह है कि विधानसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण में 13 नवम्बर को प्रथम चरण चुनाव के दौरान उन्हें मिले व्यापक जनसमर्थन से वे काफी हर्षित और उत्साहित हैं। उनके समर्थकों में भी गजब का उत्साह देखा जा रहा है। श्री गागराई करंट खबर के साथ एक औपचारिक भेंटवार्ता में कहा कि विधानसभा चुनाव में चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने उन्हें जिस प्रकार से व्यापक जनसमर्थन और उनके समर्थन में मतदान किया है उसके लिए वे तहे दिल से मतदाताओं का आभारी हैं। अल्प समय में ही उनके प्रति मतदाताओं का स्नेह और अपनापन तथा उनके चुनाव चिन्ह टेम्पो के प्रति जो रूझान और समर्थन मिला उससे उन्हें यह प्रतित हुआ है कि चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से उनकी जीत तय है और जीत का अंतर भी काफी विशाल और विकराल होगा। इसके लिए वे समस्त मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हैं और उनके प्रति जो लोगों ने विश्वास व्यक्त किया है उसपर वे पूर्ण रूप से खरा उतरकर अपने मतदाताओं के प्रति हमेशा साथ रहेंगे। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उन्हें चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने जो स्नेह और अपनापन दिया है उसके लिए वे आभारी हैं और सभी मतदाताओं को इसके लिए धन्यवाद भी देते हैं।

## सेन्ट्रल पार्क होटल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर में उमड़ी लोगों की भीड़

ज्योति पाठक



**चक्रधरपुर :** प्रख्यात स्वर्ण व्यवसायी सह समाज सेवी तथा होटल सेंट्रल पार्क के संचालक किशोर बर्मन और उनके परिजन के द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जाँच शिविर एवं झारखण्ड के प्रख्यात मधुमेह एवं थायराइड विशेषज्ञ डॉ के पश्चात परामर्श लिया। आज प्रातःकाल से ही इस जाँच शिविर में लोगों की भीड़ उमड़नी प्रारंभ हो गयी जिसमें महिला पुरूष निर्धारित समय में ही सेंट्रल पार्क होटल पहुंचकर निःशुल्क जाँच कराना प्रारंभ कर दिया। इस अवसर पर किशोर बर्मन ने कहा कि लोगों को निःशुल्क जाँच की व्यवस्था एवं समुचित उपचार सलाह का कार्यक्रम विगत कई वर्षों से किया जा रहा है और लोगों की जनसहभागिता के फलस्वरूप यह कार्यक्रम काफी सफल रहा है। इस अवसर पर किशोर बर्मन के अग्रज सुरेश बर्मन, सोनी बर्मन व अन्य परिवार के लोग भी उपस्थित थें।

## वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न



**स्थानीय** पुरानी बस्ती निवासी जयन्ती मोदक एवं दीपक मोदक के द्वितीय सुपुत्र एवं वरीय अधिवक्ता राजेश मोदक के अनुज सिद्धार्थ मोदक का शुभविवाह सरस्वती कुन्डू के साथ संपन्न हुआ। चक्रधरपुर स्थित ऑफिसर्स क्लब में आयोजित वैवाहिक समारोह में उनके परिजन, मित्रगण, शुभचिन्तक नामचिन हस्ती के साथ-साथ वरीय पत्रकार बिनय मिश्रा, ज्योति पाठक एवं वरीय अधिवक्तागण भी मुख्य रूप से उपस्थित थें। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया।

### भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2024 : रेसिडेंट कमिश्नर ने मत्स्य विभाग के स्टॉल का किया भ्रमण,कहा-

# केज कल्चर में झारखंड को अव्वल बनाने में मत्स्य निदेशालय का प्रयास सराहनीय

### झारखंड के जलाशयों में की जा रही मोती की खेती के तरीकों से अवगत हो रहे हैं दिल्लीवासी

विशेष संवाददाता

**रांची/नई दिल्ली:** नई दिल्ली में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ-2024) के झारखंड पेवेलियन में मत्स्य विभाग का स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्टॉल पर मत्स्य निदेशालय द्वारा केज में मोती पालन की विधि के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। विभाग द्वारा झारखंड मंडप में आने वाले दर्शकों को मत्स्य पालन के साथ साथ मोती उत्पादन के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। स्टॉल में आने वाले आगंतुकों को मत्स्य निदेशालय की ओर से मोती पालन की खेती के तौर-तरीकों और इससे अर्जित होने वाली आमदनी के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।

इस संबंध में डॉ।एचएन द्विवेदी (निदेशक,मत्स्य) ने बताया कि मेले में मत्स्य निदेशालय, झारखंड का भी स्टॉल लगाया गया है, जहां पर केज कल्चर, बायोफ्लॉक, आएएस पद्धति तथा रंगीन मछलीपालन के साथ-साथ मोती पालन को बढ़ावा देने और इससे आय अर्जित करने के बारे में लोगों को अवगत कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि झारखंड में विगत दस वर्षों से केज मत्स्य पालन कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के तहत मोती के उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में भी विभाग अग्रसर है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत झारखंड में हजारीबाग जिले क्लस्टर में मोती उत्पादन के लिए लीड जिला के रूप में चयनित किया गया है। विभाग में मत्स्य पालन के विविध आयामों पर आवासीय विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि मत्स्य किसानों के लिए पांच दिनों का प्रशिक्षण दिया जाता है।



मत्स्य कृषक अपने तालाबों, जलाशयों आदि में मछली पालन के अलावा मोती की खेती कर आमदनी बढ़ा सकते हैं।

जिस तरह केज कल्चर किसानों के लिए लाभदायक है, उसी प्रकार मोती पालन भी किसानों की आमदनी बढ़ाने में काफी सहायक साबित होगा।

उन्होंने कहा कि झारखंड का मत्स्य निदेशालय मछली उत्पादन के क्षेत्र में नित नए उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

राज्य को मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभाग द्वारा मत्स्य कृषकों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीख पी। एवं मत्स्य निदेशालय के निदेशक डॉ।एचएन द्विवेदी के नेतृत्व में कुशल अधिकारियों की टीम मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ मोती उत्पादन में भी कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में प्रयासरत है।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक आईआईटीएफ के झारखंड मंडप में बने मत्स्य निदेशालय का स्टॉल आम नागरिकों के अतिरिक्त मीडिया कर्मियों के लिए भी कौतूहल का केंद्र बना है। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के झारखंड मंडप में रेसिडेंट कमिश्नर अरवा राजकमल (भाप्रसे) ने अवलोकन किया। इसके साथ ही गणपति पंडित, आयकर पदाधिकारी, भारत सरकार, सितांशु कुमार, फूड टेक्नोलॉजी मैनेजर के साथ सर्टिफिकेशन, जीएसटी आदि विषयों पर चर्चा की गई।

इस मौके पर मत्स्य निदेशालय के उप निदेशक रविरंजन कुमार, उप मत्स्य निदेशक, संजय गुप्ता, उप मत्स्य निदेशक (योजना) व रेवती हांसदा, रजनी गुप्ता के साथ मात्स्यिकी महाविद्यालय गुमला के विधार्थी कई निवेशक/फर्म के प्रतिनिधि शामिल हुए।

**झारखंड में छह हजार केज अधिष्ठापितः** झारखंड में विभिन्न जलाशयों में लगभग छह हजार केज स्थापित हैं, जहां से मत्स्य पालक मछली उत्पादन कर रहे हैं। एक केज से 2-3 टन मछली उत्पादन होता है। खदानों में भी केज स्थापित किये जा रहे हैं, जिससे विस्थापित लोगों को आजिविका का नया साधन मिला है।